

हिन्दी दैनिक

पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,सोमवार | 20 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 अंक : 20 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### ईडी के कदम के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ भाजपा के अभियान में असंतोष की आवाजें उठीं



एजेंसी

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कांग्रेस सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार होने के प्रयासों के बीच शनिवार को पार्टी में असंतोष के स्वर उभरे। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमयूडीए साइट आवंटन घोटाले में कार्रवाई है, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनकी पत्नी पार्वती बी एम आरोपियों में शामिल हैं।भाजपा के दो असंतुष्ट विधायकों बसनगौड़ा पाटिल यतनाल और रमेश जरकीहोलीने प्रदेश पार्टी प्रमुख बी वाई विजयेंद्र पर निशाना साधते हुए उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाया।बेलगावी जिले के गोकक तालुक के अंकलगावी गांव में पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान जरकीहोली ने कहा, लोग भाजपा में कलह की बात करते हैं, लेकिन हमारे बीच कोई आंतरिक लड़ाई नहीं है। हमारी लड़ाई केवल (प्रदेश) पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ है।

# मन की बात में पीएम मोदी ने किया महाकुंभ 2025 का जिक्र,

# एकता, समता-समरसता का बताया संगम

**पीएम ने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:**मन की बात में रविवार को पीएम मोदी ने महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। पीएम ने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।

मन की बातमें पीएम मोदी ने किया महाकुंभ का जिक्र

पीएम मोदी ने ह्यकुंभह्न, ह्यपुष्करमह्न और ह्यगंगा सागर मेलेह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं।उन्होंने कहा, 'ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'कुंभ में दक्षिण,



पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।' उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहा, 'जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।'

सीएम योगी ने जताया पीएम मोदी का आभार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मन की बात' में महाकुंभ का जिक्र करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भारत की एकात्मता के जीवंत प्रतीक, आध्यात्मिकता, समता और समरसता के महासमागम महाकुम्भ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा कर हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया है।' योगी ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का महोत्सव महाकुम्भ-2025, प्रयागराज हमारी सांस्कृतिक धरोहरों व परंपराओं से आज संपूर्ण विश्व का साक्षात्कार करा रहा है। आज प्रधानमंत्री जी का युवाओं के लिए गर्व के साथ अपनी सभ्यता-संस्कृति के अनुगमन का संदेश उन्हें एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना से जुड़ने के लिए भी प्रेरित करेगा।'

## राष्ट्रपति मुर्मू श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सम्मान समारोह में शामिल होंगी



एजेंसी

**पटना:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अप्रैल में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में शामिल होंगी, जिसमें इस वर्ष का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्य, कला, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है।मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। शर्मा ने एक्स पर लिखा, मुझे माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला। मैं माननीय राष्ट्रपति का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने हमारे राज्य का दौरा करने और अप्रैल 2025 में श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करने का हमारा निमंत्रण स्वीकार किया। उनका बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन सचमुच सराहनीय है।इस पुरस्कार का नाम असम के वैष्णव संत और सुधारक श्रीमंत शंकरदेव के नाम पर रखा गया है। असम सरकार 1986 से साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करती रही है।असम सरकार 1986 से साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करती रही है।

## 20 करोड़ दो, नहीं तो बुरा अंजाम होगा; आरजेडी सांसद संजय यादव से फोन पर मांगी रंगदारी



एजेंसी

**पटना:**बिहार से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राज्यसभा सांसद संजय यादव से 20 करोड़ की रंगदारी की मांग की गई है। सांसद ने इस संबंध में पटना के सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शनिवार को सांसद एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने संजय यादव से 20 करोड़ रुपये मांगे और रंगदारी नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस धमकी देने वाली कॉलर की पहचान करने में जुटी है। उसकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि इस संबंध में सचिवालय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हरियाणा के डीजीपी समेत कई अन्य उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। उन्होंने सांसद संजय यादव एवं उनके परिवार के लोगों की सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है।बता दें कि संजय यादव बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी हैं।

## राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप करेंगे पीएमोदी से मुलाकातः भारत आने का भी है प्लान,

एजेंसी

**नई दिल्ली:** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और अमेरिका के संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए भारत यात्रा की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ भारत के दौरे की योजना पर चर्चा की है और संभावना है कि वह इस साल अप्रैल या इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर रहेंगे। साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फरवरी में व्हाइट हाउस आने का आमंत्रण भी दे सकते हैं।भारत आने से पहले चीन की यात्रा करना चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप भारत आने से



पहले चीन यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने अपने सलाहकारों से कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनके संबंधों को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। हाल ही में, ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मैं कई समस्याओं को मिलकर हल करने का प्रयास करेंगे। हम दुनिया को अधिक शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए सब कुछ करेंगे।चुनाव प्रचार के दौरान, ट्रंप ने चीन पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। हालांकि, अब वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।इस साल क्वाड समिट की मेजबानी भारत करेगाभारत इस साल क्वाड समिट की मेजबानी करेगा,

## जनता के बीच खराब छवि वाले लोगों के लिए राकांपा में कोई जगह नहीं: अजित पवार

एजेंसी

**शिरडी ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि जनता के बीच खराब छवि वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उनकी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में कोई जगह नहीं है। अजित ने कहा कि गलत काम करने वालों को पार्टी से निकाल दिया जाएगा। वर्ष 2023 में अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर राकांपा पर दावा करने वाले अजित पवार ने कहा कि भविष्य राकांपा का है। उन्होंने शिरडी में राकांपा सम्मेलन में अपने



समापन भाषण में कहा, गांवों और हर गली-मोहल्ले में राकांपा कार्यकर्ता का आधार तैयार किया जाना चाहिए। सभी को समन्वय के साथ काम करना चाहिए।महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में राकांपा ने 41 सीटें जीतीं, जो शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) से चार गुना ज्यादा है। अजित ने कहा, ह्यह्यविधानसभा चुनाव के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के आकांक्षी लोगों को 25 घरों के समूह से वोट सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार कार्यकताओं का चयन करना चाहिए। अगर 25 घरों में से प्रत्येक से चार वोट (राकांपा के लिए) डाले जाते हैं,।

## मनु भाकर पर टूटा दुखों का पहाड़, रोड एक्सीडेंट में मामा और नानी की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली:**भारतीय शूटर मनु भाकर पर दुखों का पहाड़ टूटा है। सड़क दुर्घटना में मनु भाकर की नानी और मामा की मौत हो गई। हादसा चरखी दादरी में सुबह 9 बजे हुआ। महेंद्रगढ़ बायपास रोड पर स्कूटी और ब्रेजा कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार भी पलट गई। दरअसल, मनु के मामा युद्धवीर सिंह (55) और नानी सावित्री देवी (75) स्कूटी पर सवार थे। उन्हें ब्रेजा कार ने टक्कर



मारी, जिससे मौके पर ही दोनों मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के मुताबकि, युद्धवीर सिंह हरियाणा रोडवेज दादरी डिपो में चालक हैं। वह सुबह के वक्त ड्यूटी के लिए निकले थे। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से 2 कांस्य पदक जीते थे। 2 दिन पहले ही मनु भाकर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया था। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक

## डॉक्टर से रेप और हत्यामें दोषी संजय रॉय की मां ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया,



एजेंसी

**पश्चिम बंगाल:**आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने शनिवार को आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। कोर्ट के फैसले पर आरोपी की मां मालती रॉय की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मेरी तीन बेटियां हैं, मैं उनका (पीड़िता के माता-पिता का) दर्द समझती हूं।रॉय की मां मालती ने सियालदह कोर्ट के फैसले पर कहा, 'उसे सजा मिलनी चाहिए। अगर कोर्ट उसे फांसी पर लटकाने के लिए भी कहे, तो मैं उसे स्वीकार करूंगी।'रॉय की बहन सबिता ने कहा, 'मेरे भाई ने जो किया है, वह अकल्पनीय और भयानक है। यह कहते हुए मेरा दिल टूट जाता है, लेकिन अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे अंतिम सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता मेरी तरह एक महिला थी, और एक डॉक्टर थी।' उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना ??है कि वह अकेले ऐसा नहीं कर सकता। वे कहते हैं कि वह नशे में भी था। बता दें, मुकदमे के दौरान जब संजय हिरासत में था, तब उनकी मां और बहन उससे मिलने नहीं आई थीं।संजय की गिरफ्तारी के बाद के हालातों के बारे में बताते हुए सबिता ने कहा, 'जिस दिन से मेरे भाई को गिरफ्तार किया गया है। घर से बाहर कदम नहीं रखा। मेरे पड़ोस में लोग हमारे परिवार के बारे में बहुत बुरी बातें कर रहे हैं। हर शनिवार को मैं एक स्थानीय मंदिर में जाती थी। मैंने वह भी बंद कर दिया है।' उन्होंने आगे बताया कि रॉय की गिरफ्तारी वाले दिन उनके ससुराल वालों ने उन्हें काफी कुछ सुनाया था।आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में दोषी करार संजय रॉय की मां मालती ने सियालदह कोर्ट के फैसले पर कहा, 'उसे सजा मिलनी चाहिए। अगर कोर्ट उसे फांसी पर लटकाने के लिए भी कहे, तो मैं उसे स्वीकार करूंगी।'

## जाति गणना की रिपोर्ट पर अमल नहीं हुआ, तो राहुल गांधी ने फेक बताया; बिहार कांग्रेस चीफ की सफाई

एजेंसी

नई दिल्लीःलोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बिहार में हुई जाति गणना को फेक बताने पर सियासी पारा गमार्या हुआ है। अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनके बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर सवाल नहीं उठाए हैं। बल्कि नीतीश सरकार जातीय गणना की रिपोर्ट पर अमल नहीं कर रही है। इस कारण ही राहुल गांधी ने जातिगत गणना को झूठा करार दिया, क्योंकि केवल संख्या गिनने के लिए इसे नहीं करवाया गया था। इसका उद्देश्य वृहद और नीतिगत विकास पर आधारित था।अखिलेश सिंह ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में रविवार को कहा कि बिहार में न तो आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया और न ही उसे 9वीं



अनुसूची में शामिल किया गया। 95 लाख परिवारों को भी 2-2 लाख रुपये नहीं दिए गए। राहुल गांधी के कहने का आशय यही है कि ऐसी रिपोर्ट का क्या मतलब जब सरकार उस पर अमल ही नहीं करे। सरकार ने आधे-अधूरे मन से इसे लागू कराने की कवायद की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब केंद्र और राज्य में भाजपा-जदयू की ही सरकार है तो क्यों नहीं इसे 9वीं अनुसूची में शामिल कराया गया, जिससे कोर्ट में मामला जाने से बच जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव में जदयू काम कर रही है।बता दें कि राहुल गांधी ने शनिवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित कांग्रेस के संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए जाति गणना को फर्जी करार दिया था। उन्होंने देशभर में जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए कहा कि बिहार वाली जाति गणना फेक थी। इसके बाद वे एनडीए नेताओं के निशाने पर आ गए। दरअसल, बिहार में साल 2023 में जातीय गणना हुई थी। उस समय राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार थी।

# मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने अन्य नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

## पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के ऑडियो के जरिए दिया एकता का संदेश: डॉ. दिलीप जायसवाल

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार
- प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में गणतंत्र दिवस को बताया खास: डॉ. दिलीप जायसवाल
- पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के ऑडियो के जरिए दिया एकता का संदेश: डॉ. दिलीप जायसवाल
- प्रधानमंत्री ने भारत के विरासत की बात की तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस जैसे शख्सियतों की भी चर्चा की: डॉ. दिलीप जायसवाल





पटना, 19 जनवरी। बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने बैठकर सुना। भाजपा कार्यालय के अटल सभागार में मन की बात के 118वें एपिसोड को सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, सैयद शाहनवाज हुसैन, महामंत्री मिथिलेश तिवारी, शिवेश राम, जगन्नाथ ठाकुर, संजीव चौरसिया, विनोद नारायण झा, राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, प्रभात मालाकार, सूरज पांडेय सहित भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना।मन की बात सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण महीने की आखिरी रविवार को होता है, लेकिन इस बार ये एक सप्ताह पहले तीसरे रविवार को प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने इसका कारण चौथे रविवार को गणतंत्र दिवस का होना बताया।उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग इस मन की बात को ध्यान से सुने। प्रधानमंत्री ने एक तरफ भारत के विरासत की बात की, वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस जैसे शख्सियतों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से महाकुंभ और उसमें युवाओं की भागीदारी की चर्चा की।

उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से युवा महाकुंभ में भाग ले रहे हैं, उससे जो विकसित भारत होगा उसका एक स्वरूप दिखाई पड़ता है, जिसमें धर्म के साथ-साथ अपने देश को भी विकसित करेंगे। प्रधानमंत्री ने विस्तृत तौर पर अपनी बात बताई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जीवन में जानवरों के महत्व को भी उद्धृत किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि अपने मन की बात के दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस मौके पर उन्होंने कई महान नेताओं की वास्तविक आवाज सुनाई।भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने इस दौरान संविधान सभा के प्रमुख डॉ. राजेंद्र प्रसाद का एक ऑडियो के जरिए एकता का संदेश भी दिया। इस ऑडियो में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा इतिहास बताता है और हमारी संस्कृति सिखाती है कि हम शांति प्रिय हैं और रहे हैं।

## सीनियर फुटबॉल कबड्डी स्टेट चैंपियनशिप का खेल मंत्री ने किया उद्घाटन




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- **सीनियर फुटबॉल कबड्डी स्टेट चैंपियनशिप का खेल मंत्री ने किया उद्घाटन ।**
- **सच आज तक संवाददाता अशोक कुमार ठाकुर की खास रिपोर्ट**

बेगूसराय जिला कबड्डी संघ की मेजबानी में बीहट में तीन दिवसीय 50 वीं बिहार राज्य सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता आज 18 जनवरी शनिवार को बीहट के महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह एवं समाजसेवी सोनू शंकर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।इस सीनियर पुरूष कबड्डी स्टेट चैम्पियनशिप में आठ जोन की विजेता तथा उपविजेता कुल 16 टीम भाग लेगी। उद्घाटन के उपरांत खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। समाज में हो रही कुरीतियों ,नशाखोरियों के उन्मूलन का एकमात्र मंच खेल है।

## तेघड़ा- मुबारकपुर पथ की चौड़ीकरण के कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
साहिल अंसारी

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने बेगूसराय में प्रगति यात्रा के दौरान तेघड़ा अनुमंडल के लिये सबसे महत्वपूर्ण तेघड़ा- मुबारकपुर पथ का चौड़ीकरण करने की घोषणा एवं शिलान्यास किया। इससे लोगों में हर्ष है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि अब चंद दिनों में तेघड़ा से अतरूआ, बनवारीपुर, मोख्यतियारपुर, कदराबाद, मंसूरचक जाने में लोगों को सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि लगभग तीन दशक से अधिक समय से लोगों द्वारा इस सड़क की चौड़ीकरण की मांग की जाती रही है। तेघड़ा एनएच 28 से अतरूआ तक लगभग 7 किलोमीटर की सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग वाहनों, साइकिल व पैदल यात्रा करते हैं। सड़क की चौड़ाई कम रहने से प्रायः इस मार्ग में यात्री दुर्घटना के शिकार होते हैं। तेघड़ा विकास संघर्ष समिति के मांगों में इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की भी मांग शामिल थी। इसके लिये लगातार आन्दोलन और प्रदर्शन भी करते रहे हैं। बछवाड़ा विधायक सह बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने भी सड़क की चौड़ाई बढ़ाने को लेकर विधानसभा में मांग को रखा थे।

## प्रखंड मुख्यालय में राधा कृष्ण चिल्ड्रन पार्क, एवं गौशाला में गोवर्धन योजना से बना बायोगैस प्लांट का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन।



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेगूसराय प्रगति यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा जिले के कुल 629 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन होगा। इसमें 199 योजनाओं का उद्घाटन एवं 430 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कुल मिलाकर 600 करोड रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया । इसी करी में तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत। तेघड़ा गौशाला के प्रांगण में गोवर्धन योजना के तहत बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया जो पचास लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया था । वही प्रखंड मुख्यालय के ग्राउंड में 39 लाख रुपए की लागत से बनाए गए जिम कृष्णा पार्क, राधा कृष्ण चिल्ड्रन पार्क एवं सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यात्रा के दौरान वर्चुअल रूप से किया। उक्त अवसर पर प्रखंड मुख्यालय परिसर में उक्त अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में नव निर्मित पार्क को बेहतर रूप से सजाया गया था। जहां पर प्रखंड प्रमुख नरेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र कुमार एवं विधान पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार मिश्रा उर्फ गोर बाबा एवं उप प्रमुख गुड़िया देवी ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।

## आवास योजना में नाम जोड़ने को मुखिया ने वार्ड सदस्यों की बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड के मदारपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी की अध्यक्षता में प्रधान मंत्री आवास योजना में लाभुकों के नाम जोड़ने से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि डॉ जीतेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी सम्मानित वार्ड सदस्य 1-उमेश प्रसाद, 2-करमुलाह अंसारी, 3-सहजाद अकबर, 4-अब्दुल मंसूरी, 5-सफी साईं, 6-बिरेन्द्र महतो, 7-मुतुर्जा अंसारी, 8-नागेन्द्र ठाकुर, 9-उषा देवी, 10-रामअवध मांझी, 11-प्रमोद कुमार, 12-नागेन्द्र सिंह, 13-नाजिम अंसारी 14- मंटू कुमार समेत अन्य ग्रामीण लोगों में विक्रमा राय, राकेश सिंह, सर्वजीत महतो, सेराज अहमद खान, भूखल राम, धर्मेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, टुनटुन कुमार, उपस्थित रहे ' बैठक में निर्णय लिया गया की पंचायत के वैसे सभी लोगो का प्रधान मंत्री योजना के सूची में नाम दर्ज करना है जो अभी तक इस लाभ से वंचित है एवं नाम जोड़ने की अर्हता रखते है। दूसरा प्रस्ताव नल जल योजना को लेकर लाया गया जिसमे तय हुआ की डीए सारण को इससे संबंधित शिकायत दर्ज कराई जाएंगी।

## बेगूसराय विधानसभा स्तरीय राष्ट्रीय जनता दल एवं कानून विकास संघ का संयुक्त सम्मेलन संपन्न




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

शनिवार को बेगूसराय विधानसभा स्तरीय राष्ट्रीय जनता दल एवं कानू विकास संघ का संयुक्त एक दिवसीय मकर मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन बूटन साह के अध्यक्षता एवं श्री सुनील साह के संचालन में संपन्न हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि मोहित यादव राजद जिला अध्यक्ष बेगूसराय थे ।इस आयोजन में बेगूसराय विधानसभा सहित जिले भर के पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता एवं कानू विकास संघ के पदाधिकारी ने भाग लिया। सभी उपस्थित पार्टी के कार्यकताओं ने एवम कानू विकास संघ के ओर से मुख्य अतिथि मोहित यादव को अंग वस्त्र एवं चांदी के मुकुट से सम्मानित किया गया, तदुपरांत सभी आए हुए राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवं कानून विकास संघ के विकास संघ के ओर से मुख्य अतिथि मोहित यादव को अंग वस्त्र एवं चांदी के मुकुट से सम्मानित किया गया, तदुपरांत सभी आए हुए राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवं कानून विकास संघ के कार्यकर्ता को फूल माला तथा अंग वस्त्र से भी सम्मानित किया गया।

## तेजस्वी बताएं, राजद में शीर्ष पद सिर्फ परिवार के लिए क्यों आरक्षित? : जयराम विप्लव

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में तेजस्वी यादव को लालू प्रसाद यादव के बराबर का दर्जा देने को महज दिखावा करार दिया। उन्होंने कहा, "तेजस्वी यादव 2015 से ही राजद के सर्वेसर्वा हैं। सबको पता है कि वे लालू यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। ऐसे में कार्यकारिणी बैठक, संविधान संशोधन और प्रस्ताव पास करने का क्या औचित्य है ? यह केवल जनता को भ्रमित करने का ढोंग है।

सामाजिक न्याय पर राजद की सच्चाई

विप्लव ने सवाल उठाते हुए कहा, "राजद 'सामाजिक न्याय' का दावा करती है, लेकिन पार्टी में शीर्ष पदों पर अब तक किसी दलित, आदिवासी, अति पिछड़े या मुसलमान को मौका क्यों नहीं मिला? क्या राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी कोई गैर-परिवार का व्यक्ति बनेगा? कोई यादव ही बना दो, लेकिन परिवार से बाहर का। राजद में शीर्ष पद केवल लालू परिवार के लिए आरक्षित क्यों हैं?

## प्रधानमंत्री के मन की बात का 118 वाँ एपिसोड सुना



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड के उत्तरी मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 118 वां एपिसोड सुना गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ने की संचालन किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह उत्तरी मंडल प्रभारी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की बात सुनने से आज बहुत कुछ जानने का मौका मिला। बाबा भीमराव अंबेडकर प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुष का ऑडियो सुनने का मौका मिला ।रेडियो मासिक कार्यक्रम से महापुरुषों के विचार उनका विश्व के प्रति सोच विचार भारत की संविधान की खूबसूरती जानने का मौका मिलता है साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जो भारत के प्रति विश्व के सनातन धर्म, गरीबो, युवाओ, महिलाओ के प्रति जो उच्चतम सोच है उसी का प्रतिफल है कि आज भारत विश्व के नक्शे पर भारत विकसिस राष्ट्र दिख रहा है। विश्व के सभी देश सोचने पर मजबूर है कि 142 करोड़ आबादी वाला भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इतना तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है। मौके पर बलराम शर्मा, प्रभाकर शर्मा, विनय शर्मा, मोहन मंडल, बिंदी राय आदि मौजूद थे।

# 166 साल बाद पुरखों के घर पहुंचा मॉरीशस से युवक; महाकुंभ में स्नान कर गांव की मिट्टी ले गया अपने साथ,

## 9 साल की उम्र में गिरमिटिया बने थे परदादा,

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**गाजीपुर:** अपने पुरखों के गांव को ढूंढते-ढूंढते मॉरीशस से एक युवक गाजीपुर पहुंचा. गांव में पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और मिट्टी को चूमने के साथ अपने साथ ले गया. मॉरीशस से आए कृष्णा ने पूर्वजों के गांव आने से पहले महाकुंभ में स्नान किया. यहां से गंगाजल लेकर पूर्वजों के पचोखर गांव पहुंचा और मंदिर में पूजा पाठ किया. पुरखों की जमीन पर पांच पीढ़ी बाद लौटे युवक को देखने और मिलने वालों की भीड़ जुट गई.1859 में पचोखर गांव से परदादा गए थे मॉरीशसः मॉरीशस में शिक्षक के रूप में काम करने वाले कृष्णा ने बताया कि 9 साल की उम्र में उनके परदादा कुबेर 1859 में गाजीपुर जिले के जमानिया क्षेत्र स्थित पचोखर गांव से मॉरीशस गए थे. तभी से उनका परिवार वहां बस गया. अपने पूर्वजों की जानकारी हासिल करने के लिए मॉरीशस स्थित महात्मा गांधी संस्थान गया. जहां पर भारत से गए हुए गिरमिटिया मजदूरों के रिकॉर्ड रखे गए हैं. वहां से जानकारी मिली कि पूर्वज भारत के रहने वाले थे. तभी से मेरे मन में अपने पूर्वजों की जमीन पर जाकर उनको नमन करने की इच्छा थी.गंगा जल लेकर पूर्वजों के गांव पहुंचेः कृष्णा ने बताया कि उड़ीसा में बीते दिनों प्रवासी दिवस आयोजित किया गया था, जिसमें मॉरीशस से करीब 300 लोग आए थे. प्रवासी सम्मेलन में शामिल होने के बाद उड़ीसा से महाकुंभ पहुंचे और वहां अमृत स्नान किया. त्रिवेणी से और गंगाजल लेकर पूर्वजों की धरती गाजीपुर पहुंचे हैं. गाजीपुर शहर स्थित महादेवा मंदिर में पूजा अर्चना किया और वहां से पूर्वजों के गांव पचोखर पहुंचे.गोबर से लगाया तिलक और मिट्टी किया एकत्रितः पूर्वजों के गांव में पहुंचने के बाद कृष्णा ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की. गौशाला जाकर गोबर से तिलक लगाया और शिवालय समेत अन्य मंदिरों में जाकर गंगाजल चढ़ाने के साथ ही पूजा अर्चना किया. इसके साथ ही कृष्णा ने गांव के पोखरे का पानी लिया, जिसे मॉरीशस के शिव मंदिर में चढ़ाएंगे. इतना ही नहीं गांव की धरती को नमन करते हुए कृष्णा ने कुछ मिट्टी अपने साथ मॉरीशस ले जाने के लिए एकत्र किये. समाजसेवी उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह भारत की मिट्टी से जुड़ाव ही है कि पांच पीढ़ी बाद भी कृष्णा अपने पूर्वजों की धरती खोजते हुए यहां पहुंचे हैं.कौन होते थे गिरमिटिया मजदूर: गिरमिटिया शब्द एग्रीमेंट शब्द से निकला है. पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के मजदूरों को अंग्रेजी शासन काल में एक एग्रीमेंट के आधार पर भारत से दूसरे देशों में ले जाकर मजदूरी कराई जाती थी. भोजपुरी में एग्रीमेंट शब्द को न बोल पाने की वजह से ग्रीमेंट कहा जाता था.

## महाकुम्भ:संगम में 108 डुबकी और खुद का पिण्डदान, जूना अखाड़े में 1500 से ज्यादा नागा संन्यासियों का हुआ दीक्षा संस्कार

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रयागराज ।गंगा की धरा पर शनिवार से श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अवधूतों को नागा दीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो गई। ये संन्यासी अखाड़ों में सबसे ज्यादा नागा संन्यासियों वाला अखाड़ा है ।श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा में नागाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

जूना अखाड़े के 1500 अवधूत बने नागा संन्यासीदेवाधिदेव महादेव के दिगम्बर भक्त नागा संन्यासी महाकुंभ में सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। शायद यही वजह है कि महाकुम्भ में सबसे अधिक जन आस्था का सैलाब जूना अखाड़े के शिविर में दिखता है ।जूना अखाड़े की छावनी सेक्टर 20 है और यहा गंगा का तट इन नागा संन्यासियों की उस परम्परा का साक्षी बना,जिसका इंतजार हर 12 साल में अखाड़ों के अवधूत करते हैं ।शनिवार को नागा दीक्षा की शुरूआत हो गई है। पहले चरण में 1500 से अधिक अवधूत को नागा संन्यासी की दीक्षा दी जा रही है। नागा संन्यासियों की संख्या में जूना अखाड़ा सबसे आगे है, जिसमें अभी 5.3 लाख से अधिक नागा संन्यासी हैं। महाकुम्भ और नागा संन्यासियों का दीक्षा कनेक्शननागा संन्यासी केवल कुंभ में बनते हैं और वहीं उनकी दीक्षा होती है। सबसे पहले साधक को ब्रह्मचारी के रूप में रहना पड़ता है। उसे तीन साल गुरुओं की सेवा करने और धर्म-कर्म और अखाड़ों के नियमों को समझना होता है। इसी अवधि में ब्रह्मचर्य की परीक्षा ली जाती है। अगर अखाड़ा और उस व्यक्ति का गुरु यह निश्चित कर ले कि वह दीक्षा देने लायक हो चुका है तो फिर उसे अगली प्रक्रिया में ले जाया जाता है। यह प्रकिया महाकुम्भ में होती है जहां वह ब्रह्मचारी से उसे महापुरुष और फिर अवधूत बनाया जाता है। मुंडन कराने के साथ 108 बार डुबकीमहाकुम्भ में गंगा किनारे उनका मुंडन कराने के साथ उसे 108 बार महाकुम्भ की नदी में डुबकी लगवाई जाती है। अन्तिम प्रक्रिया में उनका स्वयं का पिंडदान और दंडी संस्कार आदि शामिल होता है। अखाड़े की धर्म ध्वजा के नीचे अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर उसे नागा दीक्षा देते हैं। महाकुम्भ में दीक्षा लेने वालों को राज राजेश्वरी नागा, उज्जैन में दीक्षा लेने वालों को खूनी नागा, हरिद्वार में दीक्षा लेने वालों को बर्फानी व नासिक वालों को खिचड़िया नागा के नाम से जाना जाता है।

# बिहार में कांग्रेस का जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की फरवरी महीने से होगी शुरूआत : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- फरवरी में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की होगी चंपारण, सासाराम, बक्सर से होगी शुरूआत : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



पटना. रविवार, 19 जनवरी, 2025
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी फरवरी महीने से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रही है। इस आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दी।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फरवरी के दूसरे सप्ताह से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम को चंपारण, रोहतास और बक्सर जिले से शुरू करके पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिले में संयोजकों की नियुक्ति भी की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकताओं, नेताओं और कर्मचारियों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने न्याय योद्धा कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और मीडिया को भी बेहतर कवरेज के लिए धन्यवाद दिया।

पत्रकारों के जातिगत जनगणना से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस उद्देश्य से जातिगत जनगणना के लिए नीतीश सरकार को तैयार किया था वो पूर्णतः लागू नहीं हो पाया क्योंकि नीतीश कुमार ने मन बना लिया था कि वें भाजपा के साथ जाएंगे। चूंकि भाजपा के साथ नीतीश कुमार भी पिछड़े, दलितों के विरोधी हैं इसलिए कहीं जातिगत आरक्षण और हिस्सेदारी बढ़ाना न पड़े इसलिए उन्होंने आधे मन से इसे लागू कराने की कवायद की, जो मामला आज भी कोर्ट में लंबित है। जब केंद्र में और राज्य में भाजपा जदयू की ही सरकार है तो क्यों न आपने इसे नौवीं अनूसूचि में शामिल करा लिया जिससे कोर्ट में मामला जाने से बच जाता। साथ ही 95 लाख परिवारों को 2 लाख रुपए देने की कवायद, नौकरी के लिए आरक्षण बढ़ाने की कवायद को नहीं करना और जातिगत आंकड़े को सार्वजनिक कर उसपर आपत्ति दर्ज कराने तक का मौका नहीं दिया। इसी को लेकर राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को झूठा करार दिया क्योंकि केवल संख्या गिनने के लिए और ठंडे बस्ते में डालने के लिए नहीं इसे करवाया गया था इसका उद्देश्य वृहद और नीतिगत विकास पर आधारित था। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव पूनम पासवान, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, प्रवक्ता आनंद माधव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, लालबाबू लाल, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, सौरभ सिंहा, निधि पांडेय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# राजद नेत्री डॉ स्मिता पूर्वे व डॉ रंजना पूर्वे द्वारा मकर संक्राति भोज का किया गया आयोजन





**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी ।पूर्व मंत्री डॉ रामचंद्र पूर्वे की पुत्रवधु राजद नेत्री सह समाजसेवी डॉ स्मिता पूर्वे व डॉ रंजना पूर्वे द्वारा बनरझुला में मकर संक्राति के उपलक्ष्य में भोज का आयोजन किया गया। भोज में जनप्रतिनिधि, त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य शामिल हुए। लगभग तीन हजार लोग मकर संक्राति भोज का आनंद लिया। विशेष कर परिहार विधानसभा के सोनबरसा व परिहार प्रखंड के काफी संख्या में आम व खास लोग मौजूद रहे ।डॉ स्मिता पूर्वे जहां लोगों की आगवानी स्वयं कर रही थीं, वहीं चुड़ा, दही व तिलकुट परोशती नजर आई। इस अवसर पर डॉ रामचंद्र पूर्वे ने कहा कि भारतीय संस्कृति व परंपरा में मकर संक्राति का काफी महत्व है। सभी जाति, बिरादरी के लोग तथा किसी राजनीतिक दल में आस्था रखने वाले लोग आमंत्रित किये गये थे। सभी लोग शामिल हुए। साधु संत और मौलाना भी शामिल हुए। जिससे सामाजिक एकता और सौहार्द बना रहता है ।राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मो शफीक खान ने कहा कि इस तरह के भोज के आयोजन से सामाजिक सदभाव कायम होता है। वहीं डॉ स्मिता पूर्वे ने आये अतिथियों को नव वर्ष व मकर संक्राति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आम जनता तेजस्वी यादव को बिहार की बागडोर सौंपने का मन बना चुकी है। बिहार का सर्वांगीण विकास तेजस्वी यादव ही कर सकते है, बेरोजगारी दूर कर सकते है। ऐसा उन्होंने 17 महीने के शासनकाल में 5 लाख नौकरी देकर कर दिखाया है। तेजस्वी यादव जो घोषणा करते हैं, वह पूर्ण करते हैं। राजद गठबंधन की सरकार बनने पर जहां पेंशन की राशि 400 सौ से बढ़ा कर 1500 दी जाएगी, वहीं महिलाओं को 2500 प्रतिमाह दिया जाएगा। 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने राजद कार्यकताओं से तेजस्वी के घोषणा को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। भोज में विधायक मुकेश यादव, पूर्व कमिश्नर अरूण जायसवाल, हरिओम नारायण शरण, गयासुद्दीन, कीर्ति सहनी, पूर्व मुखिया जुम्मन, रामनरेश मंडल, मुखिया प्रतिनिधि ज्याउद्दीन उर्फ तनु, अजय पूर्वे, नेमत अंसारी, पूर्व जिला पार्षद विजय महतो, अरूण कुमार, संजय पूर्वे, अमरेश मंडल, जयनारायण महतो, पंसस जयकिशोर साह ललित, हैदर अली, अनिल महतो, मुन्ना कुमार, सुरेंद्र यादव, विनोद कापड़, मुखिया उस्मान, मुखिया अविनाश मंडल, रितेश कुमार, रघुनाथ प्रसाद, फकीरा मंडल, बीरेंद्र पंजियार

# श्रम विभाग के धावा दल ने बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- श्रम अधीक्षक, दरभंगा किशोर कुमार झा के निदेश पर सदर प्रखण्ड में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु गहन छापेमारी की गई। इस क्रम मे दो बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है, जिसमे 1 न्यू आर.के. स्वीट्स एण्ड बेकरी, धोई घाट दरभंगा से एक बाल श्रमिक एवं मोहम्मद जाहिद गैरेज, धोई घाट, सदर से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 मे श्रम विभाग द्वारा जिले मे विभिन्न नियोजनो मे कार्यरत 31 बाल श्रमिको को अबतक विमुक्त कराया जा चुका है ।श्रम अधीक्षक श्री किशोर कुमार झा ने बताया कि एक ओर जहाँ नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी है, वही दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर, बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है।

उन्होंने बाल श्रम जैसी कुप्रथा को प्रशासनिक दवाब के साथ सामाजिक जागरूकता पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है। आज के धावा-दल मे मोहन कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सदर, विजेता भारती श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी बहेड़ी, प्रेम कुमार साह, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, जाले, लक्ष्मण कुमार झा श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी सिंहवाड़ा, कार्डस संस्था के प्रतिनिधि और बीरेंद्र कुमार झा एवं नारायण कुमार मजमुदान एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

# राजस्व संग्रहण हेतु बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, दरभंगा अंचल -1, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में राज्य कर संयुक्त आयुक्त श्रीमती प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 के राजस्व संग्रहण के सफल क्रियान्वयन हेतु एक अहम बैठक टैक्स प्रैक्टिशनर्स, लेखापाल, अधिवक्ता एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ आयोजित की गई।

बैठक में राज्य-कर संयुक्त आयुक्त श्रीमती प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम तिमाही में एस.जी.एस.टी कैश कलेक्शन एवं आई.जी.एस.टी सेटलमेंट में उत्तरोत्तर वृद्धि करने हेतु आग्रह की गयी, ताकि इस वित्तीय वर्ष का राजस्व संग्रहण शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।

साथ ही, पेशा-कर प्रत्येक करदाताओं द्वारा जमा करने की बात भी की गई एवं एमनेस्टी स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19एवं2019-20 हेतु लाभ उठाने के लिए करदाताओं को जागरूक करने की बात की गई, ताकि 31 मार्च 2025 तक टैक्स जमा कर ब्याज एवं शास्ती को वेभ-ऑफ करवाया जा सकता है।

उक्त बैठक में श्री अरुण कुमार चौधरी, राज्य कर उपायुक्त, श्री चंदन कुमार, राज्य-कर सहायक आयुक्त, अधिवक्ता ओम सराफ, अधिवक्ता आत्मा सराफ, अधिवक्ता अजीत कुमार झा, अधिवक्ता श्रवण कुमार झा, अधिवक्ता हेमचंद्र मिश्रा, अधिवक्ता रंजन चौधरी आदि शामिल थे।

# जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने को लेकर डीएम ने किया स्थल का निरीक्षण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। आगामी 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न स्वर्गीय जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह के अवसर पर की जा रही तैयारियों से संबंधित स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2025 को किया गया। स्थल भ्रमण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति भवन तथा रामदुलारी इंटर महाविद्यालय तथा फूलेश्वरी देवी महाविद्यालय का भ्रमण किया गया एवं मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी और अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# अपनी सुरक्षा को लेकर एसपी को दिया आवेदन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र के सारी वार्ड संख्या 14 निवासी रणवीर कुमार पिता स्व रामनन्दन सहनी ने पुलिस कप्तान को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि दिनक 15 जनवरी 2025 को सुबह सात बजे अपने भाई वीरू कुमार के साथ घर पर था तभी भर ग्रामीण क्रमशः वरूण चौधरी, तरूण चौधरी, अरूण चौधरी उसकी बहन संगीता देवी, रीमा देवी सभी के पिता स्व खूबलाला चौधरी लाठी, रड एवं घातक हथियार से लैस होकर मेरे घर पर चढ़ गये तथा दरवाजा जोड़-जोड़ से पिटकर गाली गलौज करने लगे मेरा माई वीरू गाली देने से मना किया तो उसे जान मारने के नियत से वरूण चार सर पर मारा जो छिप गया दुबारा रड चलाया जिससे सर फट गया खून बहने लगा मेरी माँ रामवती देवी एवं भाभी छोटी देवी बचाने आये तो उसे भी अभियुक्तगण झोटा पकड़कर पटक दिए एवं बदतमीजि बदसलुकी बलजोड़ी किए। मैं भी बचाने का प्रयास किया तो मेरे साथ हाथापाई करने लगे इतना ही नहीं जान मारने के नियत से गर्दन दबाने लगे हमलोग जान के कर घर में छिप गये उसके बाद 112 नम्बर पर फोन किया तो पुलिस के आने कि आहट पाकर सभी अभियुक्तगण भाग गया तब मेरी जान बची, नहीं तो उपरोक्त लोग मेरे घर के किसी भी सदस्य का हत्या कर देते। इन्हीं सब मामले को लेकर आवेदक ने सुरक्षा एवं कानूनी कार्रवाई करने के लिए एसपी गुहार लगाई है।

# जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने एवं सफलता को लेकर हुई बैठक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लेंगे भाग : दुर्गेश राय



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। लोहिया आश्रम में रविवार को जिला जदयू के प्रखंड अध्यक्षों, नगर परिषद के अध्यक्षों, प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं जिला जनता दल यूनाइटेड के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों की एक संयुक्त बैठक लोहिया आश्रम में आयोजित हुई।जिसकी अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने किया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के 101वीं जयंती के अवसर पर कपूरी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम की सफलता एवं अधिकतम भागीदारी पर चर्चा किया गया और अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं से भाग लेने का अपील किया। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारत के उपराष्ट्रपति, भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं बिहार के महामहिम राज्यपाल सहित अनेकों गणमान्य लोग भाग लेंगे। इस बैठक में पुर्व सांसद अश्वमेघ देवी, पुर्व विधायक सह राष्ट्रीय सचिव विद्यासागर सिंह निषाद, बनारसी ठाकुर, तकी अख्तर, शिव शंकर महतो, संतोष कुमार साह, अफजाल अहमद उर्फ उजाले, सुबोध कुमार सिंह, अनस रिजवान, ठाकुर राजीव सिंह, डॉ अमित कुमार मुन्ना, मो तौहिद अंसारी उर्फ नन्हें आदि मौजूद थे।

# एक सप्ताह बीत गया सलमान नहीं मिला, परिजन है परेशान



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र के मथुरापुर थाना क्षेत्र के महाराजगंज (नागरबस्ती) वार्ड संख्या 04 में पहुंचे समाजसेवी बेलाल राजा तथा एक सप्ताह से गायब मो सलमान के परिजन से मिले और हालचाल जाना। बताया जाता है कि गत 11 जनवरी से मो सलमान गायब है जो अभी तक नहीं मिला। सलमान की बरामदगी नहीं होने पर परिजनों का रो रोकर हाल बुरा बना हुआ है। पूछे जाने पर बालक के पिता मो मुख्तार ने बताया कि जो भी व्यक्ति मेरे लड़के को खोजकर मेरे पास लाएगा उसे इनाम के तौर पर 50 हजार रुपया दिया जाएगा। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व खोजी कुत्ता के द्वारा मो सलमान को काफी खोजबीन की गई परंतु कहीं नहीं मिला तथा उसे भी असफलता नहीं मिली। इधर समाजसेवी बेलाल राजा ने मथुरापुर थाना अध्यक्ष एवं पुलिस कप्तान से हाथ जोड़कर कहा है कि बच्चे को खोजने में मदद करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सलमान को गायब हुए लगभग आठ दिन बीतने को है मगर उसका पता कहीं नहीं चला। उन्होंने कहा कि मो सलमान के परिजन काफी परेशान हाल में हैं।

# महमद्दा में डीपीएस शिक्षण संस्थान खुलने से क्षेत्र में हर्ष



**प्रखंड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**आसिफ अली**

पूसा (समस्तीपुर)। रविवार को पूसा अंतर्गत महमद्दा में दिल्ली पब्लिक स्कूल का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी के द्वारा किया गया। प्रमुख रविता कुमारी ने बताया कि अब आसपास के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि उक्त स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर व्यवस्था है। प्रमुख ने बताया कि डीपीएस शिक्षण संस्थान में नर्सरी से दशम वर्ग तक की पढ़ाई की व्यवस्था है। इस कार्यक्रम में डीपीएस के निदेशक एमडी सफीउल्लाह, प्राचार्य एमडी फारूक, रोशन कुमार, अमित कुमार, रंजीत झा, विशाल चौधरी, मजहर इमाम, लल्लू जी, प्रदीप कुमार मंडल, रेहाना खातून, सुनील कुमार सुमन आदि लोग शामिल थे।

# कुड़ा कर्कट के ढ़ेर पर लगी आग, मची अफरातफरी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



**समस्तीपुर।** वारिसनगर मुक्तापुर बाजार समिति के सामने जाने वाली सड़क के बगल में रविवार को कुड़ा के ढ़ेर में आग की लपक देख लोगों में अफरातफरी मच गई। घनी बस्ती के कारण सभी लोग दौड़ पड़े स्थानीय समाजसेवी सुशील प्रसाद सिंह आदि ने स्थिति को भापते हुऐ अग्निश्मन दस्ता को फोन किया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया नहीं तो रविवार के दिन बड़ी अनहोनी घटना घट सकती थी। जहाँ आग लगी उसके बगल के कबाड़ी दुकानदार तारा देवी ने बताई की मेरे दुकान में भी आग की लपट पकड़ लिया था, मगर सभी के प्रयास से बाल बाल बच गये। बतादे की बाजार समिति के सामने हथसार जाने का रास्ता है बगल में खाली जगह रहने के कारण कुड़ा का ढ़ेर था किसी ने सिगरेट पीकर फेंक दी होगी।

# लोजपा (रामविलास) की विधान स्तरीय बैठक आयोजित बखरी विधानसभा से चुनाव लड़ने का दावा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बेगुसराय जिले के बखरी विधान सभा के पूर्व विधायक रामविनोद पासवान के आवासं पर लोजपा (रामविलास) की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से बखरी प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, गढ़पुरा प्रखंड अध्यक्ष निरंजन झा, और नावकोठी प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय ने की। संचालन बखरी प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामविनोद पासवान ने कार्यकताओं को बूथ कमिटी की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार रहें।एनडीए गठबंधन के साथ लड़ने की घोषणायुवा जिला अध्यक्ष अजय टाइगर ने कहा कि लोजपा (रामविलास) इस बार एनडीए गठबंधन के साथ बखरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।बैठक में डॉ. प्रेम कुमार और युवा नेता राहुल ने अपने 10 साथियों के साथ लोजपा (रामविलास) की सदस्यता ग्रहण की। स्थानीय उम्मीदवार पर जोर बखरी प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने कहा कि इस बार बखरी विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार स्थानीय और जमीन से जुड़ा हुआ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भागीदारीबैठक में बखरी विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार शैलेश ने कहा कि दिवंगत नेता पद्मश्री रामविलास पासवान का बखरी विधानसभा से विशेष लगाव रहा है। आज भी लोग उनकी विरासत और चिराग पासवान की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा रखते हैं।मौके पर संजू देवी, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कच्छवाहा पंचायत अध्यक्ष अजय दास, महावीर पासवान, मनीष कुमार, राजा राम शर्मा, रामगियान वर्मा, रवींद्र पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष अमृत कु मा र , भा ग वा ना दा स पासवान,अमरजीत महतो,दिबाकर पासवान, सुनील रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाशीष शर्मा और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक के उपरांत मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चूड़ा और तिलकुट के साथ महाभोज का आयोजन किया गया।

# प्रखंड के 31 किसानों को दी गई मत्स्य पालन की जानकारी



बेगूसय/ संवाददाता नावकोठ 'प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कुल 31 किसानों को समस्तीपुर जिले के सरायरंजन गांव में मत्स्य पालन हेतू भ्रमण कराया गया।भ्रमण के दौरान किसानों को तकनीकी जानकारी दी गई।किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से मछली पालन करने, मत्स्य बीज उत्पादन, मछलियों के भोजन, पानी की गुणवत्ता, प्रबंधन और आधुनिक उपकरणों का उपयोग के बारे में सिखाया गया।व्यवसाय प्रबंधन, विपणन,वित्तीय प्रबंधन और सरकारी योजनाओं का उपयोग करने की जानकारी दी गई।तालाब निर्माण और प्रबंधन, उन्नत प्रजातियों की मछलियों का पालन,बहु- स्तरीय मत्स्य पालन (पॉलीकल्चर),जैविक और कम लागत वाले चारा उपयोग की विधियाँ,बीमारियों की पहचान,उपचार और

# समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन होगा आज,बैठक में क्षेत्रीय रेलवे के विकास पर चर्चा होगी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर मंडल में दिनांक 20 जनवरी 2025 को समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की वार्षिक बैठक आयोजित होने जा रही है।इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्रीय रेलवे के विकास के लिए जन आकांक्षाओं को समझना और रेलवे की आधारभूत संरचनाओं और यात्री सुविधाओं में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस महत्वपूर्ण बैठक में समस्तीपुर मंडल के क्षेत्राधिकार के 15 जिलों के सभी 25 सांसद शामिल होंगे।साथ ही बैठक में रेलवे प्रशासन के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिनमें पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह और अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष शामिल हैं।मंडल स्तर से मंडल रेल प्रबंधक और उनके साथ सभी शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष में एक बार आयोजित होने वाली इस वार्षिक संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की जानकारी ली जाती है तथा तदनुरूप योजनाओं के प्रारूप हेतु उसे रेलवे बोर्ड भेजा जाता है, ताकि उसपर यथानुसार योजनाएं बनाई जा सके। यह बैठक समस्तीपुर मंडल के रेलवे विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सांसदों और रेलवे अधिकारियों के बीच समन्वय से क्षेत्र में रेलवे सेवाओं का विस्तार और सुधार संभव होगा।यह प्रयास न केवल यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय विकास को भी गति देगा।

## जिले में कई पुलिसकर्मी को सिवान एसपी ने किया इधर से उधर

सिवान 18 जनवरी शनिवार। सिवान पुलिस कप्तान अमितेश कुमार ने पचरुखी थाना के नए थानाध्यक्ष 2014 बैच के सब इंस्पेक्टर सन्नी कुमार रजक को बनाया गया जो रघुनाथपुर थाना मे पदस्थापित थे।गोरियकोठी के नए थानाध्यक्ष 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर विकास कुमार को बनाया गया जो जीबी नगर थाना मे पदस्थापित थे।वही एम एच नगर थाना के दो एएसआई दिवेश कुमार को जामो थाना तथा हरेंद्र पासवान को धनौती थाना मे तबादला हुआ है।

# दी एजुकेशन प्वाइंट ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया सम्मानित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी।मेहसौल स्थित दी एजुकेशन प्वाइंट के परिसर में संस्था के वार्षिक परीक्षा परिणाम सह पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संचालक मो रियाजउद्दीन उर्फ शहजादा और प्रिंसिपल हाफिज अब्दुल कादिर सिद्दीकी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।राजकीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका नुसरत जहां, मास्टर गुफरान राशीद, हाफिज अब्दुल कादिर सिद्दीकी, तलत फातमा शाहीन प्रवीण को बेस्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इनकम टैक्स ऑफिसर मो एजाज अहमद व विशिष्ट अतिथि शिक्षक हाजी अशरफ अली के हाथों प्रशस्ति पत्र दिलाया गया। वहीं संस्था के छात्र एवं छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष की टॉपर रही साबरीन को भी प्रोत्साहित किया गया। समारोह में उपस्थित मो आरिफ दिलकश, मौलाना जियाउर रहमान कासमी, मास्टर सलाहुद्दीन, पत्रकार मो अरमान अली, सलमान सागर, पत्रकार एहसान दानिश, मो जफर हुसैना, मो वाहिद, मो ?फिकुज्जमा, अजीजुर्रहमान कुरैशी, जौहर अली ताज समेत दर्जनों ग्रामीण के साथ साथ अभिभावक उपस्थित रहे।

# नगर विधायक ने किया आरओबी का निरीक्षण

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



सीतामढ़ी।नगर विधायक डा मिथिलेश कुमार ने निमार्णाधीन अपने संकल्पित आरओबी एलसी 56 का जायेजा लेने निर्माण स्थल पर पहुंचकर आरओबी के जिला से नियुक्त नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार एस डी ओ सदर तथा पुल निगम के सहायक अभियंता के साथ कार्य के प्रगति एवम गुणवत्ता का निरीक्षण किया।साथ में मेयर प्रतिनिधि मो आरिफ हुसैन, डुमरा सीओ डौली झा मौजूद थे।बाजार समिति के दुकान आवंटन के अनियमितता पर भी विधायक ने अनुमंडल पदाधिकारी से बात किया।विधायक ने कार्यरत श्रमिकों से बात करते हुए कहा राष्ट्र निर्माण में आप सबों का अतुलनीय योगदान है।श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठा, भा ज पा के कुशल श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री मान राहुल सिंह जी ने कार्यरत श्रमिकों एवं कारीगरों के बीच मकर संक्रांति के सौगात तिलकुट बांटकर उनका सम्मान किया।नगर विधायक ने निरीक्षण करते हुए श्रमिकों एवम कारीगरों को कहा कार्य की गति बढ़ाने में आप सबों का सहयोग प्रार्थित है।साथ ही ये सरकारी संपत्ति अर्थात हम सबों की संपति है,इसलिए गुणवत्ता पर भी ख्याल रखना हम सबों का कर्त्तव्य है।माननीय मुख्यमंत्री जी ने आप सबों से मिलकर आपके परिश्रम को नमन करने भेजा है।विश्वास है आप सब तन्मयता से ससमय कार्य संपादित करेंगे।

# राजनीतिक रंजिश में पूर्व मुखिया प्रत्यासी को अपराधियों ने मारी गोली युवक घायल।



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान महाराजगंज 18 जनवरी शनिवार। महाराजगंज थाना क्षेत्र के लेरुआ गांव में पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रदीप यादव पर हत्या की नियत से शनिवार को अहले सुबह गोली मारी जिसे प्रदीप यादव घायल हो गए। ये गोली बारी आपसी राजनीतिक बर्चस्व में घटित हुई है। वही घटना किस कारण से घटी है इसकी जांच महाराजगंज थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह कर रहे है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रदीप यादव का बयान दर्ज कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। और घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की दोनों पक्ष में पहले कहा सुनी हुई जिसके बाद यह घटना घटी है। फिलहाल महाराजगंज पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# खाना पचेगा या सड़ेगा यह ध्यान देना जरूरी: आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर कुंदन कुमार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



बेगूसराय/संवाददातानावकोठी खाना खाने के बाद पेट में खाना पचेगा या खाना सड़ेगा, यह जानना बहुत ही जरूरी होता है।हमने रोटी खाई,हमने दाल खाई,हमने सब्जी खाई,हमने दही खाया,लस्सी पी,दूध,दही छाछ, लस्सी फल आदि यह सब कुछ भोजन के रूप में ग्रहण किया।यह सब कुछ हमें उर्जा देते हैं और पेट उस उर्जा को आगे ट्रांसफर करता है।पेट में एक छोटा सा स्थान होता है,जिसको हम हिन्दी में "आमाशय" कहते हैं।इसका संस्कृत नाम है "जठर"।यह एक थैली की तरह होता है।यह जठर हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण है,क्योंकि सारा खाना सबसे पहले इसी में आता है।यह बहुत छोटा सा स्थान है।हम जो कुछ भी खाते हैं, वह सब इस आमाशय में आ जाता है। आमाशय में जो अग्नि प्रदीप्त होती है उसे जठराग्नि कहते हैं।यह जठराग्नि आमाशय में प्रदीप्त होने वाली आग है। जैसे ही हम खाना खाना खाते हैं, जठराग्नि प्रदीप्त हो जाती है।यह ऑटोमेटिक है,जैसे ही हमने रोटी का पहला टुकड़ा मुँह में डा ला , इ धा र जठराग्नि प्रदीप्त हो गई।यह अग्नि तब तक जलती है जब तक खाना पचता है। अब हमने खाना खाते ही खूब ठंडा पानी पी लिया।अब ज ो आग (जठराग्नि) जल रही थी,वह बुझ गयी।आग अगर बुझ गयी, तो पचने की जो क्रिया है वह रुक जाती है।अब हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि खाना पेट में जाने पर पेट में दो ही क्रियाएं होती हैं,एक क्रिया है जिसको हम कहते हैं पचना और दूसरी है सड़ना।आयुर्वेद के हिसाब से आग जलेगी तो खाना पचेगा,खाना पचेगा तो उससे रस बनेगा।रस से मांस, मज्जा,रक्त,वीर्य,हड्डियां,मल,मूत्र और अस्थि बनेगा और सबसे अंत में मेद बनेगा।यह तभी होगा जब खाना पचेगा। खाना सड़ने पर सबसे पहला जहर जो बनता है वह है यूरिक एसिड। यूरिक एसिड बढ़ने से ही घुटने,कंधे और कमर में दर्द होता है।जब खाना सड़ ता ह ै , ता े यू रि क ए सि ड जैसा ही एक दूसरा विष बनता है जिसको हम कहते ह ैं एलडीएल (खरा ब कोलस्ट्रॉल)। खराब कोलस्ट्रॉल के बढ़ने से ही ब्लड प्रेशर (बीपी) बढ़ता है।ये सभी बीमारियां तब आती हैं जब खाना पचता नहीं है, बल्कि सड़ता है।खाना पचने पर किसी भी प्रकार का कोई भी जहर नहीं बनता है। खाना पचने पर जो बनता है वह है मांस,मज्जा,रक्त, वीर्य, हड्डियां,मल,मूत्र,अस्थि और खाना नहीं पचने पर बनता है यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रोल,एलडीएल,वीएलडीएल।य ही हमारे शरीर को रोगों का घर बनाते हैं। पेट में बनने वाला यही जहर जब ज्यादा बढ़कर खून में आता है,तो खून दिल की नाड़ियों में से निकल नहीं पाता और रोज थोड़ा थोड़ा कचरा जो खून में आया है,इकट्ठा होता रहता है और एक दिन नाड़ी को ब्लॉक कर देता है। इसी से हार्ट अटैक होता है।अतः हमें ध्यान इस बात पर देना चाहिए कि जो हम खा रहे हैं, वह ठीक से पचना चाहिए।इसके लिए पेट में ठीक से आग (जठराग्नि) प्रदीप्त होनी ही चाहिए,क्योंकि बिना आग के खाना पचता नहीं है और खाना पकता भी नहीं है।महत्व की बात खाने को पचाना है। हमने क्या खाया, कितना खाया यह महत्त्वपूर्ण नहीं है। खाना अच्छे से पचे इसके लिए आयुर्वेद ने सूत्र दिया है-"भोजनान्ते विषं वारी" (खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीना जहर पीने के बराबर है )। इसलिए खाने के तुरंत बाद पानी कभी नहीं पीना चाहिए।जब हम खाना खाते हैं तो जठराग्नि द्वारा सब एक दूसरे में मिक्स होता है और फिर खाना पेस्ट में बदलता है। पेस्ट में बदलने की क्रिया होने तक एक घंटा ४८ मिनट का समय लगता है। उसके बाद जठराग्नि कम हो जाती है। बुझती तो नहीं,लेकिन बहुत धीमी हो जाती है।पेस्ट बनने के बाद शरीर में रस बनने की प्रक्रिया शुरू होती है,तब हमारे शरीर को पानी की जरूरत

# प्रखंड अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ गठित




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में रविवार को प्रखंड अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ का प्रखंड इकाई का गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर राम ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष पद पर योगेंद्र साफी, मनोज कुमार राम को कार्यवाहक अध्यक्ष, शंकर राम को सचिव, नितेश कुमार महतो को संयुक्त सचिव, संजय रजक को कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी के रूप में पवन कुमार राम एवं मुकेश कुमार का चयन किया गया। जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर राम ने बैठक को संबोधित करते हुए संघ के गठन के महत्व एवं उद्देश्य की चर्चा विस्तार पूर्वक की। साथ ही उन्होंने बताया कि संघ में आधिकारिक कर्मचारियों को जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि हम अपने सभी अधिकारों की प्राप्ति संघ के प्रयासों के माध्यम से कर सकते हैं। मौके पर एचएम पवन कुमार साफी, रविंद्र पासवान, कमल किशोर पासवान, मोहन कुमार बैठा, विनोद रजक, रंजीत कुमार साफी, विश्वनाथ बैठा, पंकज कुमार, मंजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# कथित रूप से अपहृत युवती को मुफस्सिल थाने की पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर :- शादी की नीयत से कथित रूप से अपहृत युवती को मुफस्सिल थाने की पुलिस ने दिल्ली से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। बरामद युवती मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ही एक गांव की बतायी गयी है। युवती के पिता ने उसके अपहरण की मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें अपने पड़ोस के ही पांच लोगों को उन्होंने नामजद किया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच के क्रम में मानवीय सूचना व तकनीकी सहायता से युवती को दिल्ली से बरामद कर थाने लाया।

# केसरवानी समाज का पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



बेगूसराय/संवाददाता।बखरी रविवार को नगर के स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल परिसर में केसरवानी समाज द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति मेंएकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्य एकत्रित हुए और समाज के विकास, सामाजिक एकता और सहयोग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कश्यप मुनि के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष दिलीप केसरी ने कहा हमारा समाज आज भी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, और सामाजिक समानता जैसे क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। मुझे गर्व है कि हमारे समाज के सभी सदस्य मिलकर इन समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम सभी का यह दायित्व है कि हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा, एक सुरक्षित वातावरण और उनके विकास के लिए अच्छे अवसर प्रदान करें। जबकि महासचिव गुड्डू केसरी ने समाज की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। अखिल भारतीय महा सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ई शम्भू नाथ केसरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज केसरी, सुरेंद्र केसरी, प्रदेश संगठन मंत्री रामजी प्रसाद केसरी, प्रदेश महामंत्री मंत्री विनोद केसरी,बखरी नगर उपाध्यक्ष रामदयाल केसरी ने भी अपने विचार साझा किए और समाज के सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।समारोह के दौरान रामचंद्र केसरी, मनोहर केसरी,सीताराम केसरी, अमरनाथ केसरी,अनुराग केसरी,सचिन केसरी, पूर्व सरपंच दिलीप केसरी, संतोष गुड्डू,छोटू केसरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मीडिया प्रभारी अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित किया।इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं ने समारोह में एक उत्साह और ऊर्जा का माहौल पैदा किया, और समाज के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# जले में कई पुलिसकर्मी को सिवान एसपी ने किया इधर से उधर

सिवान 18 जनवरी शनिवार। सिवान पुलिस कप्तान अमितेश कुमार ने पचरुखी थाना के नए थानाध्यक्ष 2014 बैच के सब इंस्पेक्टर सन्नी कुमार रजक को बनाया गया जो रघुनाथपुर थाना मे पदस्थापित थे।गोरियकोठी के नए थानाध्यक्ष 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर विकास कुमार को बनाया गया जो जीबी नगर थाना मे पदस्थापित थे।वही एम एच नगर थाना के दो एएसआई दिवेश कुमार को जामो थाना तथा हरेंद्र पासवान को धनौती थाना मे तबादला हुआ है।

# कुंभ मेला





मंजुला शरण

कुंभ का मेला इस वर्ष अत्यधिक चर्चा में है, क्योंकि इस बार का कुंभ महाकुंभ है, जो 144 वर्षों के बाद लगता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह हमारा हमारा पहला महाकुंभ होगा ।खगोलीय गणना के अनुसार यह मेल मकर संक्रांति के दिन आरंभ होता है ,जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते है ।मकर संक्रांति के कारण इस योग को कुंभ स्नान योग कहा जाता है ।इस दिन को मंगल कारी माना जाता है ।

कुंभ चार प्रकार के होते हैं झ कुंभ, अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ ।प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर लगने वाला स्नान मेला कुंभ , 6 वर्षों पर लगने वाला अर्ध कुंभ, 12 वर्षों पर पूर्ण कुंभ और 144 वर्षों अर्थात बारह पूर्ण कुंभ के बाद लाने वाला मेला महाकुंभ कहलाता है ।

कुंभ का शाब्दिक अर्थ झ घड़ा, सुराही, बर्तन है । यह वैदिक ग्रंथों में पाया जाता है । इसका अर्थ पानी के विषय या पौराणिक कथाओं में अमरता (अमृत) के बारे में बताया जाता है ।यह शब्द ऋगवेद और प्राचीन हिन्दू ग्रंथों में भी पाया जाता है ।पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के बाद अमृत कलश निकला था जिसे कुंभ का प्रतीक मन जाता है ।मेले का अर्थ है झ मिलन या मिलना–सम्मेलन ।

कुंभ मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, संत और साधु शामिल होते हैं जिनकी संख्या करोड़ों में हो सकती है ।कुंभ मेला किस स्थान पर आयोजित किया जाए, इसे तय करने के लिए ज्योतिषी और अखाड़े के प्रमुख एक साथ आते हैं और बृहस्पति , सूर्य की स्थिति का निरीक्षण करते हैं । बृहस्पति यानि गुरु और सूर्य दोनों ही हिन्दू ज्योतिष में प्रमुख ग्रह हैं । इनकी गणना के आधार पर कुंभ मेले का स्थान और तिथि तय की जाती है ।कुंभ मेला चार स्थानों पर लगता है झ-1 हरिद्वार गंगा के तट पर , 2–प्रयागराज झ गंगा यमुना सरस्वती के संगम तट पर त्रिवेणी संगम कुंभ कहा जाता है । 3–उज्जैन झ शिप्रा नदी के तट पर सिंहस्त कुंभ मेला कहा जाता है । 4–नासिक - गोदावरी के तट पर त्रयंबकेश्वर कुंभ मेला कहा जाता है.

देश भर में अखाड़ों की कुल तेरह संख्या है ।सभी अखाड़े उदासीन, शैव और वैष्णव पंथ के सन्यासियों के हैं। सात अखाड़ों का संबंध शैव सन्यासी संप्रदाय से, तीन बैरागी वैष्णव संप्रदाय से और तीन उदासीन अखाड़े से हैं. इन अखाड़ों का तात्पर्य पहलवानों की कुश्ती के अखाड़ों से नहीं है । महाकुंभ के साधु समूह को अखाड़े के नाम से जाना जाता है । आदि शंकरचर्य ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए की संगठन बनाए । जिन्हे शास्त्र विद्या का अधिक ज्ञान प्राप्त था, इन्ही संगठनों को अखाड़े का नाम दिया गया है । महाकुंभ में शाही स्नान का बहुत ही महत्व है, मान्यता है कि बिना शाही स्नान के कुंभ का पूर्ण फल नहीं मिलता है ।इस शाही स्नान में सब से पहले नागा साधु स्नान करते हैं , दूसरे स्थान पर संत समाज उसके बाद गृहस्थ समाज का स्थान आता है ।महाकुंभ स्नान से दैवीय तत्व की जागृति और रोगों से छुटकारा मिलता है , सब से बड़ी बात है कि नागा साधुओं के दर्शन केवल कुंभ के अवसर पर ही होते हैं , इसके बाद ये अपने विशेष स्थान पर चले जाते हैं ।नागा साधु निर्वस्त्र रहते हैं । सर्दी- गर्मी और अग्नि के प्रभाव से मुक्त रहते हैं अपनी साधना और कठोर ताप के बाल से । कुंभ मेले में सभी अखाड़ों के साधु संतों की शाही सवारी निकलती है -- ऊँट , हाथी, घोड़े रथों पर अपने ध्वजों और शस्त्रों के साथ ।साल 2014 में किन्नर समाज का भी अखाड़ा शुरू हुआ है जो शाही स्नान में शामिल होता है ।किन्नर अखाड़ा श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अधीन है । भारत की आजादी के बाद पहला कुंभ प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था , उस मेले में भगदड़ में बहुत से श्रद्धालुओं की भीड़ में दब कर मौत हो गई थी ।इस बार के मेले में इन सारी बातों का पूरा खयाल रख कर सारी व्यवस्था की गई है ।आशा है सभी शुभ होगा ।

## सर्दियां पहाड़ों की



सुनीता अग्रवाल

कहीं दिखते नहीं
उड़ते,विचरते नभ में खग कोई
सहमे से है जाने हर कोई।
हरियाली में ही चहकते
पशु-पक्षी,बाग बगीचे
कहाँ ठोर इनको
बर्फ के पहाड़ों में
खूब वादियाँ हंसी लगते
हँसते दिखते सारे नजारे।।
प्रफुल्लित मन हो जाता
दिखते प्यारे ऊँचे
बर्फ ढँके पेड़ यहाँ
कैसे खिले उनपर जो पड़े
कड़ाके की वो तेज शीतलहर।
बरकरार रखने को हंसी
कही तो बरसे
कही से दिलों में
सुहदय रूपी ऊष्मा सा
स्नेह-प्रकाश।
शीत की तेज वो लहर
भला कैसे हो सह्य।
अथाह शीत दुष्कर सहना।
नाजुक हदया स्पर्श
सा माँगे वो।
बर्फ की तीव्र
शीतलता का प्रभाव
तो न सहा जाए।।
कैसे आशिया बनायें
नन्हे-नन्हे जान
कैसे महफूज हों।
कैसे वजूद कायम रखें?
आस है कहीं
कोई ऊष्मा मिले।
थोड़ी सी नरमदिली दिखे
उम्मीद की एक
किरण नजर आये तो,
रूह को करार आए।
इंतजार अब रुत
आए बहार की
इंतजार कही दिनकर की ,
भोर सुहानी झलक जाए
रोशनी से अपनी
घिरे बादलों को
हिम को,छाँट दे।
दूर हो उलझनें
जीवन में सबके
प्रकाश भर जीवन
ज्योतिर्मय कर दे।

## नर्म धूप



ममता कर्ण मनस्वी

सर्द मौसम मे नर्म धूप का आंनद लिजिए,
लॉन मे बैठकर अपनों के साथ सुबह का चाय पीजिए ।

कुछ उनकी सूनिए कुछ अपनी सूनाइए,
इसी बहानें एक साथ बैठकर अपनों के साथ कुछ वक्त बिताइए।

साथ मिलकर चाय पीने में चाय का जो मिठास है
वो अकेले मे कहाँ,
सुबह का नर्म धूप मे जो गर्माहट है वो हीटर व रजाई मे कहां।

वक्त ने बहुततत... ब्यस्त कर दिया है सब को,
इसके बाद समय कहाँ है किसी के पास।

वो गुजरा हुवा पल हो गया
जब एक ही कमरे में एक ही बिस्तर पर
एक ही रजाई मे सब गुजारते थे रात।

बातें इतनी होती थी कि बातों के गर्माहट में
हम कड़क ठंड़ को मात देते थे।
कोई सोते थे कोई जागकर हीं रात बिताते थे।

अब रहा नहीं वो रिश्तों की गर्माहट,
कमरे बढ़ गए बिस्तर बंट गए,
आधुनिक नर्म रजाई व हीटर का सहारा मिल गया।

प्राकृतिक धूप व अपनों का प्यार दुलार
इसी में दब गया।

जागते आज भी हैं लोग वही
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विश्वजाल में फँसे रहते हैं।
एकसाथ रहकर भी एक दूसरे से बेखबर रहते हैं।

बहुत बच्चे तो ऐसे भी मिल जाएंगे,
जो शायद ही कभी सूर्योदय देख पाते हैं।

दोस्तों के संग खूब घूमेंगे,
शायद कभी अपनों के संग
बैठ पाते हैं।

इसलिए बहुत जरुरी है
इस सर्द मौसम में नर्म घूप के सहारे
रिश्तों को गर्माहट दिजिए।

## गालियां



मनीषा सहाय सुमन

विडंबना यह कैसी
किसका यह तिरस्कार
गालियाँ माँ, बहन
का लेकर देते हैं नाम !

कहीं कोई झगड़ा
या हो फिर मार - धार
गुस्सा दिखाने का
बना हथियार
गलियों का
स्त्रीलिंग आधार!

विद्रूप मानसिकता
नैतिक पतन की
परकाष्ठा !
या मर्दानगी की
पहचान!

संबधों को देते
एक तरफ तो बड़ा मान
माँ के चरणों में जहान
बेटी मेरा स्वाभिमान
दूसरी ओर उन संबधो
को खुद ही करते हो
तार- तार!

जननी तुम्हारी
तुम पर लजाए
जन्म दिया यह
क्या कलंक कहलाए!
स्नेह डोर को बाँध
बलाये लेती बहना
उस भाव का करते हो
तिरस्कार !

अपशब्द, दुर्वचन,
अशिष्ट भाषा, गाली गलोज
बदजुबानी घृणित
भाव उद्बोधन हेतु
दूढों जरा पुरूषवाचक
शब्दों का संसार !

## घर वापसी



सुधा गोयल नवीन

ऐ हवा, कुछ देर ठहर अभी,
न रोक मेरा रास्ता तू,
मुझे घर जाना है.....
ऐ घटा तू भी न बरसना, कुछ घड़ी और,
मुझे घर जाना है.....,

अकेली, सूनी, लंबी राहों में,
भारी बोझ सर पर लिए,
जाकर घर मुझे थोड़ा सा सुस्ताना है..
फिर चूल्हा भी जलाना है..
भूखे बैठे बच्चों को आज मुझे,
पूड़ी हलवा खिलाना है..

देखकर भारी लकड़ियों का गट्ठर,
मेरे बच्चों की बांछे खिल जायेंगी,
पपड़ाये होंठों पर मुस्कान बिखर जाएगी..
चहचहाती चिड़ियों के साथ,
मुझे भी घर पहुंच जाना है...
मुझे जल्दी घर जाना है.....

ऐ दिन तू भी जरा सरक धीरे-धीरे,
पथरीली राहों में चुभते हैं कंकण,
मेरे काले नंगे पांवों में,
चलना जल्दी, भी तो दूभर है...
यामिनी के आने से पहले,
मुझे घर पहुँच जाना है,
मुझे जल्दी घर जाना है.....

कल मुझे क्या मिलेंगी इतनी ही लकड़ियां ?
कल क्या मैं खिला पाऊंगी बच्चों को मछलियां?
कल क्या मैं आ पाऊंगी जंगल में निर्विघ्न?
पर.....
क्यों करूं मैं कल की चिंता....
मुझे तो आज ही दीवाली मनाना है..
बच्चों को मालपुआ खिलाना है
मुझे जल्दी घर जाना है... जल्दी घर जाना है......

# झूठ बोलना - एक सर्वोत्तम कला



अरूणा झा

**हास्य-व्यंग्य**

शास्त्रों में कहा गया है कि कला विहीन व्यक्ति पशु के समान होता है ,इसलिए तो उस परमपिता ने हर एक व्यक्ति को कुछ ना कुछ कला से युक्त कर धरती पर भेजा है । लेकिन जरूरी नहीं कि हर एक व्यक्ति बहुत ही खचीर्ले कला को शौक के रूप में अपनाए । फिर सहज सरल रूप से हम , जिस कला को आत्मसात कर अभ्यास करते हैं उसी में पारंगत हो पाते हैं , जैसे कि बोलने की कला ,रोने की कला, ठगने की कला ,भीख मांगने की कला ,आदि -आदि ।मगर मेरे विचार से सबसे सरल है सीखना- झूठ बोलने की कला।

परंतु इस कला को लोग जितना आसान समझते हैं वास्तव में वैसा नहीं है ,क्योंकि झूठ बोलना भी सबके बस की बात नहीं होती । कोई कच्चा खिलाड़ी यानि नवसिखुवा जब झूठ बोलता है तो सीधे-सीधे पकड़ा जाता है । वहीं सिद्ध हस्त व्यक्ति यह कार्य इतनी सफाई से करता है कि सामने वाला उसकी विद्वता का कायल हुए बिना नहीं रहता ।वैसे इस कला के बारे में हमारे मनीषियों की मंशा साफ नहीं है ।कभी कहा जाता है कि किसी को बचाने के लिए जो झूठ बोला जाता है , वह क्षम्य है ।तो कभी कहा जाता है अगर किसी की हानि ना हो रही हो तो हल्का-फुल्का झूठ बोला जा सकता है , वरना झूठ बोलने से बहुत बड़ा पाप लगता है।- ऐसा कह कर हमें डराया जाता है ।मगर मैं पूछती हूँ ,कि काहे का पाप ? यहाँ घोटाले पर घोटाला कर लोग कितने इत्मीनान से रह लेते हैं , और हम थोड़ा सा झूठ बोल लिए आत्मतुष्टि के लिए, अपने- आप को समाज में स्थापित करने के लिए , तो पाप-पुण्य की परिभाषा बताने लगे । आत्मा को कष्ट देने से क्या पाप नहीं लगता? तो झूठ बोलकर जो आत्मिक तुष्टि मिलती है उसका कोई विकल्प है क्या ?फिर प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ प्राणी यानि मनुष्य ही झूठ बोलता है कभी जानवरों को झूठ बोलते सुना है किसी ने ?

लेकिन इतने प्रबुद्ध कला को सिखाने के लिए कोई संस्थान अभी तक नहीं खोला गया । इस बात का अफसोस है मुझे ।इसलिए मेरा आग्रह है समाज के ठेकेदारों से कि इस कला की विधिवत शिक्षा देने के लिए हर एक मोहल्ले में इसका एक संस्थान खोलें । जिसमे गुरु, शिक्षक या उस्ताद के रूप में देश के नामचीन लोगों की नियुक्ति हो ।साथ ही इसके लिए बार-बार सेमिनार, कार्यशाला आदि आयोजित किए जाएँ ,जिसमें अनुभवी लोगों को कक्षा लेने के लिए आमंत्रित किया जाए ।साथ ही समय-समय पर प्रशिक्षुओं की योग्यता की परख भी होनी चाहिए एवं सत्र समाप्ति पर प्रमाण पत्र भी दिए जाने चाहिए ।तथा अन्य विधा की तरह इन संस्थाओं की भी श्रेणियां हो । अर्थात एक ट्रेडमार्क हो । जिससे सबों को पता चलता रहे कि फलाने- फलाने संस्थान से झूठ बोलने की कला की डिग्री प्राप्त व्यक्ति को ही चुनाव में पहले टिकट दिया जाएगा । नेता बनाया जाएगा या पार्टी की पूरी जिम्मेदारी उसी को सौंपी जाएगी ।क्योंकि जब झूठ पर ही संसार टिका हुआ है तो सरकार का भी तो दायित्व बनता है कि इसके पल्लवित-पुष्पित होने का मुकम्मल इंतजाम करें ।

वैसे इस कला में पारंगत होने के लिए अहर्निश योग्यताओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता । जिसमें पहला है ,अभिनय का ज्ञान होना ।इसके अभाव में सामने वाले पर वह प्रभाव नहीं पड़ता जो पड़ना चाहिए। आप ही सोचिए आप किसी पारिवारिक उत्सव में भाग लेने के लिए कार्यालय से छुट्टी लेना चाहते हैं। तो जाहिर है सच बोलने पर तो आपको छुट्टी मिलने से रही । तब आप निवेदन पत्र लेकर बॉस के पास जाते हैं । जिसमें पिताजी या माताजी के गंभीर रूप से बीमार होने की बात होती है या पत्नी को किसी बड़े अस्पताल में किसी फलाने बीमारी के कारण दिखाने ले जाना है, इसकी बात होती है । तो आप हंसते-हंसते तो अपने बॉस के केबिन में नहीं प्रवेश करेंगे ना वरन् उस वक्त अगर आपके चेहरे पर एक गंभीरता होगी ,चेहरा गमगीन होगा , थोड़ी लाचारगी-बेचारगी की झलक होगी तो कितना भी सख्त बॉस होगा वह ना नहीं कर पाएगा ।सो परिस्थिति के अनुसार अपने चेहरे ,अपनी वाणी को बदलने का गुण का होना पहली योग्यता है ।

दूसरी है स्वयं पर विश्वास होना क्योंकि झूठ बोलते वक्त जरा सा भी स्वयं पर से विश्वास डिगा नहीं कि आप चारों खाने चित्त ।इसलिए तो ,जो झूठ जितने विश्वास से बोला जाता है वह उतना ही जल्दी स्वीकार्य होता है ।

वास्तव में झूठ बोलने की कला एक गंभीर कला है। जिसमें एक साथ बहुत सी बातों का ध्यान रखा जाता है । हर वक्त सतर्क रहा जाता है । और फिर भी अगर पकड़े गए तो ,दृढ़ता से अपनी बात से मुकर जाना होता है अर्थात इस उच्च कला में पारंगत होने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदलने से लेकर थूक कर चाटने तक की कला में माहिर होना पड़ता है ।

## चलो फिर नया साल मनाते हैं



कविता रानी सिंह

चलो फिर नया साल मनाते हैं
पुरानी डफली पे नया ताल बजाते हैं
जलता है घर किसी का जलने दो
अरे... जलता है घर किसी का जलने दो
हम आतिशबाजी सुनहरी लाल जलाते हैं
चलो फिर नया साल मनाते हैं

नकली घी के लजीज पकवान
सजधज तैयार गली गली दुकान
हो तो हो सेहत हराम हम खाते खिलाते हैं
भई हम तो खाते खिलाते हैं
चलो फिर नया साल मनाते हैं।

घर की दहलीज पे टिकी पुरनम आँखे दो जोड़ी
अबके बरस तो इंतजार खत्म हो निगोड़ी
परदेसी चंद घड़ी विडियोकॉल पे आते हैं
और चलो फिर नया साल मनाते है।

देश धर्म राजनीती के दो अध्याय फिर जुड़ेंगे
जंग की पहेली में फंस जाने कौन कौन अब लड़ेंगे
परमाणु पर बैठती है बैठे दुनिया अपनी बला से
भई हम तो , नया साल मुबारक चिल्लाते है
चलो फिर नया साल मनाते हैं
चलो फिर नया साल मनाते हैं।।

## दोस्ती



पूनम शर्मा स्नेहिल

संग जिसके दिल खोलकर जीने का अहसास हो।
जिसके संग बीता हुआ हर एक पल सबसे खास हो।।

जिसने जिंदगी में उस पल भी साथ दिया हो ।
जब इस सारे जहाँ ने साथ छोड़ दिया हो।।

खुद से ज्यादा उस दोस्त पर विश्वास हो।
नाम उसका लेते ही वो धड़कनों के पास हो।।

अनकही बातों को भी जो समझता हो पल में।
जो पास मेरे अपना सब सुख दुख रखता हो।।

जिसे कुछ बोलने से पहले, क्या सोचेगा सोचने की जरूरत न हो।
जो मुझे तब याद करे जब किसी और को याद करने की सूरत ना हो।।

दिल खोलकर मुझसे जो अपनी हर बातें बोले।
मेरे जिंदगी में बस एक वही रिश्ता मानों अमृत घोले।।

संग जिसके बैठ कर भूल जाए हम सारे गम।
जो कभी अपने साथी की आँखें न होने दे नम।।

हाँ दोस्ती का कुछ ऐसा ही हो रूप रंग।
सात समंदर पार होके भी लगे जैसे है मेरे संग।।

## विदाई की बेला



रेखा जैन

वर्ष जो यह बीत गया है
यह भी हमें बड़ा प्यारा है
तीन सौ पैंसठ दिन हमने
संग में मिल कर गुजारा है

कभी धीमी, कभी तेज
कदमों से चलते चलते
पूरी कर ली अपनी मंजिल
कभी रोते कभी हँसते।

खट्टे मीठे अनुभव जीवन के
वर्ष भर हमें मिलते रहे
कभी कांटे भी चुभे हमें
और कभी फूल खिलते रहे

कोई कहे रिटायर्ड दिवस
कोई कहता न्यू ईयर ईव
बहुत खास लगता है यह
वर्ष का आया अंतिम दिन

खुशी-खुशी इसे करें विदा
विदाई की यह शुभ बेला है
अब उसका हाथ पकड़ना है
देखो वह खड़ा अकेला है

## धरा गगन का हो सम्मान



डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती'

क्यों न हम नित पेड़ लगायें
धरती का कर दे श्रृंगार
बारिश हो उचित समय पर,
सतरंगी जीवन संसार।

संसाधन का दोहन करते
और प्रकृति पर करते वार,
यही हाल रहा मानव जो
अपने पांव कुल्हाड़ी मार।

जल, जंगल, जमीन बचाकर
धरा - गगन का हो सम्मान
सुन्दर रुप, सजीली दूनियाँ
हर होठों पर हो मुस्कान।

समझ कर भी समझ न पाये
करते रहते हम अभिमान
प्रकृति जहां क्रोधित हो जाये
मिट जाता है नाम निशान।

एक पौधा, एक जिन्दगी
आओं हम अभियान चलाएँ
पर्यावरण को बचाकर,
प्रदूषण मुक्त भारत बनाएँ।

## टिमटिमाते दीये



रीना गुप्ता श्रुति

दीवाली की रात सेठ करोड़ीमल की हवेली रोशनी से जगमगा रही है। रंग-बिरंगे बल्बों की सजावट के साथ-साथ अनेक दीये भी जल रहे हैं। उनके बच्चे तरह-तरह की मिठाइयाँ खा रहे हैं। वे विभिन्न प्रकार के पटाखें छोड़ रहे हैं। दिवाली की बड़ी धूम मची है ।

कुछ दूरी पर उनके नौकर रामदीन की झोपड़ी है। इस बार दिवाली माह के अंत में पड़ा। इसलिए हाथ भी खाली है। उसने सेठ जी से कुछ पैसे की माँग की। लेकिन सेठ जी ने साफ इन्कार कर दिया। बेचारा रामदीन किसी तरह कुछ दीये ही अपनी झोपड़ी में जला पाया। लड्डू लाकर गणेश जी एवं लक्ष्मी जी की पूजा की। बच्चों को कुछ फुलझडियां ही दे पाया । उसकी गरीबी उसे मुँह चिढ़ा रही है।

रात में जब सभी सो गये, तब उसकी झोपड़ी में टिमटिमाते हुए एक दीये ने दूसरे दीये से कहा--- ﬂस्वार्थी मानव से अच्छे तो हम दीये ही हैं, जो खुद ताप में जलकर सर्वत्र प्रकाश फैलाते हैं।

# तस्वीर



रंजना वर्मा उन्मुक्त

दुर्गा देवी को अपने बेटे के पास आ[े] हुए अभी दो चार दिन ही हुए थे ।व[ह] देख रही थी कि उनकी बहू उर्वश[ी] बुझी बुझी बहुत उदास सी है ।उर्वश[ी] उनके पुत्र आदित्य की दूसरी प[त्नी] थी ।पहली पत्नी की मृत्यु के पश्चा[त] उन्होंने बड़े अरमानो के साथ उर्वश[ी] को अपनी बहू बना कर लायी थ[ी] ।हरदम खिली खिली मुस्कुरात[ी] रहने वाली उर्वशी का मुझार्या रू[प] देखकर वह परेशान हो गयीं ।

क्या बात है,बहू बहुत उदास दिख[] रही है? .....एकांत पाकर उन्हों[ने] अपने बेटे आदित्य से पूछा ।

आपका यह भ्रम है ।वह उदास क्य[ों] दिखेगी भला ।उसे घर की रान[ी] बनाकर रखा हूँ ।उसे हर चीज क[ी] आजादी है ।यहाँ कोई रोकने टोक[ने] वाला भी नहीं है ।...आदित्य बोला।

तुमने नेहा की तस्वीर को साफ करने के लिए उसे क्यों कहा?

इसमें गलत क्या है माँ? जो इस दुनिया में नहीं है,उसकी तस्वीर पर धूल जमी है और मैं जरा उसे साफ करने को कह दिया तो इसमें कौन सी बुरी बात हो गयी? देखो माँ,उसने अभी तक साफ नहीं किया है ।इसलिए मुझे गुस्सा आता है।...आदित्य गुस्सा होते हुए बोला ...उर्वशी! तुमने अभी तक नेहा की तस्वीर को साफ नहीं किया? ...आदित्य ने चिल्लाते हुए उर्वशी से कहा ।

अभी करती हूँ ।...उर्वशी रसोईघर से बोली।

उर्वशी ने बैठक की सजावट में थोड़ा परिवर्तन करना चाहा तो भी तुम भड़क गये।...दुर्गा देवी ने आगे बात चीत जारी रखते हुए कहा ।

माँ,ये सब मुझे नेहा की याद दिलाती है ।मैं इसे नहीं बदलना चाहता।...आदित्य बोला।

सुबह उर्वशी ने मटर पनीर बनायी थी ।मैंने तारीफ की तो तुमने कहा कि मटर पनीर नेहा ज्यादा बढ़िया बनाती थी।

अगर बोल दिया तो इसमें गलत क्या है?

गलत है बेटा ।कोई भी औरत अपनी सौत के साथ कभी भी खुश नहीं रह सकती ।इसलिए उर्वशी इतनी उदास और बुझी बुझी दिखती है ।

माँ,नेहा को गुजरे पाँच साल हो गये हैं ।वह बेचारी कैसे उर्वशी की सौत बन सकती है?

नेहा भले ही पाँच साल पहले मर चुकी हो, वह अभी भी तुम्हारे यादों में जिन्दा है, यह कोई बुरी बात नहीं ।लेकिन वह तुम्हारी बोलचाल में,तुम्हारे व्यवहार में,यहाँ तक तुम्हारे घर में नहीं होते हुए भी जिन्दा है ।यह गलत है ।तुमने उर्वशी को भले ही घर की रानी बना कर रखा हो, लेकिन वह हर घड़ी,हर समय अपनी सौत को झेल रही है । ...दुर्गा देवी बोली।

तभी झन्नाक से कुछ टूटने की आवाज आयी ।दोनों ने देखा...कुर्सी पर चढ़कर उर्वशी दीवार पर टंगी नेहा की तस्वीर साफ कर रही थी,वह उसके हाथों से नीचे गिर गयी और तस्वीर पर का कांच चूर चूर हो गया ।उर्वशी डर से कांप रही थी।

अरे ! कांच का टूटना शुभ होता है ।...आदित्य ने हँसते हुए कहा ...उर्वशी, झाड़ू लाओ मैं साफ कर देता हूँ ।तुम्हे कांच चुभ जायेगी।

उर्वशी अविश्वास के साथ आदित्य को देख रही थी, लेकिन दुर्गा देवी मंद मंद मुस्कुरा रही थी।



नरेश अग्रवाल



कनाडा में लोग एक तीन पहियों वाली मोटरसाइकिल को देखते हुए। यहां लगे वैंकूवर मोटरसाइकिल व पावर स्पोर्ट शो में इसे पेश किया गया।

# चीनी कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप, एडवोकेसी ग्रुप ने दर्ज की शिकायत

## - यूरोपीयन डेटा को गैर-कानूनी तरीके से चोरी करने का मामला

**मुंबई।**

भारत में चाइनीज कंपनियों पर डेटा चोरी का आरोप एक बार फिर से उठा है। रिपोर्ट के मुताबिक टिकटॉक, शाओमी और तीन अन्य चीनी कंपनियों के खिलाफ ऑस्ट्रिया के एडवोकेसी ग्रुप एनओवायबी ने प्राइवेसी कंप्लेंट दर्ज करवाई है। एनओवायबी के अनुसार इन कंपनियों द्वारा यूरोपीयन डेटा को गैर-कानूनी तरीके से चोरी किया जा रहा है और इसे चीन में ट्रांसफर भी किया जा रहा है। एनओवायबी ने शिकायत में यह मांग की है कि इस डेटा को चीन में ट्रांसफर करने पर रोक लगाई जानी चाहिए और कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

जुर्माना राशि की वारंट एनओवायबी ने कहा है कि वह कंपनियों के ग्लोबल रेवेन्यू का 4 फीसदी तक हो सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस आरोप का मज़ाक उड़ाते हुए कहा है कि चीनी सरकार कभी ऐसी मांग नहीं करती और स्थानीय कानून का उल्लंघन कभी नहीं किया जाता। चाइनीज कंपनियों के साथ यह सदियों से चल रहा विवाद अब नया टर्न ले रहा है। एनओवायबी के द्वारा दर्ज शिकायत से इस मुद्दे पर रोशनी डालने की उम्मीद है, लेकिन सच्चाई केवल जांच से ही सामने आ सकती है।

# सोने की कीमत 1,420 रुपए बढ़ी, चांदी में गिरावट जारी

## - सोना और महंगा होगा, जल्द बना सकता है रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने के भाव लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सोने की कीमतों में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। लगातार तीन कारोबारी दिनों में सोने की कीमतें 1,420 रुपए बढ़ गई हैं। पहले भी 6 कारोबारी दिनों में 1600 रुपए से ज्यादा का इजाफा देखा गया था। शुक्रवार को सोने की कीमत 82,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है, जिससे वह पिछले 10 कारोबारी दिनों में 3,000 रुपए से भी अधिक बढ़ चुकी है। अधिकतम शुद्धता वाला सोना अब सिर्फ 400 रुपए प्रति 10 ग्राम पीछे है। एक और धारणा है कि सोने के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है और यह नया रिकॉर्ड बना सकता है। दिल्ली में सोने का मौजूदा रिकॉर्ड 82,400 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जो पिछले साल अक्टूबर में बना था। चांदी की कीमतों में कुछ गिरावट भी देखने को मिली है। शुक्रवार को चांदी 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रही है, जो पिछले सत्र में 94,000 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं



अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है, जो कि स्थानीय बाजार को नकारात्मक असर डाल सकती है। कॉमेक्स पर सोना वायदा 2,729.80 डॉलर प्रति औंस पर गिरा है, और चांदी वायदा 31.26 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किया गया है। इसी बीच भारत में ज्वैलरी की मांग बढ़ रही है, जिससे घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आएगा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में लोगों का ध्यान इस मुद्दे पर है और आशंका जताई जा रही है कि नए रिकॉर्ड की दिशा में दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# सीएट के शेयर में थमा दबाव, ब्रोकरेज फर्म्स ने खरीदारी पर दिया जोर

## - मुनाफा और रेवेन्यू घटा, 52-वीक हाई से 15 फीसदी नीचे है टायर शेयर




**नई दिल्ली ।**

स्टॉक मार्केट में टायर निर्माता कंपनी सीएट लिमिटेड के शेयर ने शुक्रवार को एनएसई पर एक फीसदी की गिरावट के साथ 3,016.85 रुपये पर बंद किया। इसके पीछे वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का असर दिख रहा है। कंपनी की कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण मुनाफा और रेवेन्यू प्रभावित हो गया है। सीएट शेयर वर्तमान में अपने 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर से लगभग 15 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा है। ब्रोकरेज फर्मों के मुताबिक लंबी अवधि में सीएट के शेयर में ग्रोथ की संभावना है।

अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में सीएट का मुनाफा 97.03 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 181.28 करोड़ रुपये था। ऑपरेटिंग रेवेन्यू 3,299.9 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल 2,963.14 करोड़ रुपये था। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने सीएट के शेयर पर खरीदारी की सलाह दी है और प्रति शेयर 3,515 रुपये का टार्गेट प्राइस रखा है। इस हिसाब से मौजूदा स्तर से स्टॉक में करीब 17 फीसदी का रिटर्न मिलने की संभावना है। एक्सपोर्ट सेगमेंट में ग्रोथ का समर्थन मिल रहे हैं और निवेशकों को संभावित रिटर्न की उम्मीद है। एक ब्रोकरेज फर्म ने सीएट शेयर को 'बाय' रेटिंग दी है और 12 महीने के नजरिए से इस शेयर को 3,500 रुपये का टार्गेट प्राइस दिया है। इसी के खिलाफ आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने सीएट पर रेटिंग घटा दी है और टार्गेट प्राइस 2,689 रुपये रखा है। कंपनी के कामकाजी मुनाफा की कमी को लेकर विभिन्न रेटिंग एजेंसियों के बीच मतभेद हैं।

# भारत की विकास दर 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमानः आईएमएफ

## -सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिरा

▶▶ भारतीय रिजर्व बैंक को दरों में कटौती करने के लिए मिल रही है बड़ी चुनौती




**नई दिल्ली ।**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर को 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही आईएमएफ ने देश में धीमी चाल रहने के पीछे उम्मीद से अधिक विकास दर का कारण बताया है। आईएमएफ के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था को अंधाधुंध चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अपडेट के अनुसार आईएमएफ ने भी अपनी पूर्वानुमानों को संशोधित किया है और 2025 और 2026 में भारत की विकास दर को 6.5 फीसदी के आसपास रखने का अनुमान जताया है।

इसके अलावा वि श्व बैंक ने भी इसी दिशा में अपने अनुमान दिए हैं। भारत की अर्थ‍ व्यवस्था में चार वर्षों की सबसे कम वृद्धि दर होने के संकेत मिल रहे हैं, जो एक चिंताजनक संकेत हो सकता है।

इस संकेत के बीच खपत को बढ़ावा देने के उपायों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुद्रास्फीति के दबावों ने आंकड़ों पर भारी पड़ा है, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को दरों में कटौती करने के लिए बड़ी चुनौती मिल रही है।

इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और नीतिगत अस्थिरता से जूझते हुए, विकास को तेज करने के लिए मेहनत जारी है। इस संदर्भ में वैश्विक विकास दरों का आंकलन भी मुख्य ध्यान में है। आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक महंगाई 2025 और 2026 में कम होने की संभावना है, जो विकसित देशों में पहले हो सकता है। इसके साथ ही समुदाय के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न करने के लिए नई नीतियों की आवश्यकता है ताकि भारत अपनी विकास संकटों से निकल सके।

# एसबीआई लाइफ का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 71 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका मुनाफा 322 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा प्रवर्तित इस जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है। तिमाही के दौरान शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 24,828 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 22,316 करोड़ रुपये थी। एसबीआई लाइफ ने कहा कि हालांकि, कुल आमदनी दिसंबर तिमाही में आधी रह कर 18,542 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 38,803 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान प्रबंधन का खर्च बढ़कर 2,417 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,188 करोड़ रुपये था। एसबीआई लाइफ की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) भी 31 दिसंबर, 2023 को 3,71,410 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को 4,41,678 करोड़ रुपये हो गई।



# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले, निवेशक दिखा रहे सतर्कता

**मुंबई ।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले शेयर बाजार में निवेशक सर्तकता दिखा रहे हैं। इसकारण बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। बाजार में हफ्ते की शुरुआत में तेजी देखी थी, लेकिन शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बिकवाली देखी गई। इस दौरान लार्जकैप आईटी और बैंकिंग शेयरों पर दबाव दिखाई दिया। हालांकि, सरकारी बैंकों का प्रदर्शन मजबूत रहा। हफ्ते के अंत में सेंसेक्स 76,619.33 पर और निफ्टी 23,203.2 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बैंक 738.10 अंक की गिरावट के साथ 49,540.6 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक चढ़कर 54,607.65 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक की बढ़त के साथ 17,672.05 पर बंद हुआ। सितंबर 2024 के उच्च स्तर से बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 11.5 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 12 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई है। बाजार की मजबूती के लिए आने वाले समय में तीसरी तिमाही के नतीजे काफी महत्वपूर्ण रहने वाले है। बाजार के जानकारों के अनुसार, डॉलर के मजबूत होने के कारण निवेशक सतर्क बने हैं और अपने जोखिम को कम कर रहे हैं। इसके अलावा नए अमेरिकी प्रशासन की संभावित आर्थिक नीतियों पर बढ़ती अनिश्चितता ने बाजार के सेंटीमेंट को नुकसान पहुंचाया है। बाजार जानकार ने कहा कि यह समय घबराने का नहीं, बल्कि स्पष्टता के साथ काम करने का है। बाजार में गिरावट अच्छे स्टॉक्स खोजने के अवसर प्रदान करती है, जिसमें विकास की अच्छी संभावना हो।

# सेबी ने सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित किया

## कंपनियों ने लाखों की धोखाधड़ी की और पूंजी होने के बावजूद दिखावा किया कि उन्हें कर्ज चा हिए



**नई दिल्ली ।** सेबी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इन कंपनियों में पाचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस, अभिजीत ट्रेडिंग, कैलिक्स सिक्योरिटीज, हिबिस्कस होल्डिंग्स, अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज शामिल हैं। सेबी ने कहा की पाचेली इंडस्ट्रियल ने गैर-प्रवर्तकों के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ कर्ज लिया, जिसे तरजीही आवंटन के जरिये इक्विटी में बदल दिया। लेकिन कर्ज और पैसा सिर्फ कागजों में घुमाया गया। जिनके दिखावे कर्ज देने के थे, उन्हें कंपनी के 99.28 फीसदी शेयर मिल गए। सेबी के अनुसार इन कंपनियों ने लाखों की मात्रा में धोखाधड़ी की और दिखावा किया कि उन्हें कर्ज के लिए पूंजी की जरूरत है, जबकि वास्तव में उनके पास पूंजी थी। इसके कारण इन कंपनियों का शेयर मार्केट में दिखना बंद किया गया था और सेबी ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई लेने का निर्णय लिया। इस प्रतिबंध के चलते इन कंपनियों के शेयरों की मौजूदगी बाजार में नहीं होगी और निवेशकों को संबंधित शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए कोई संभावना नहीं है। इन कंपनियों के खिलाफ ऐसे कदम उठाने के माध्यम से सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया है और वह इस प्रक्रिया में और भी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। यह घटना बाजार में एक तहलका पैदा करने के साथ-साथ निवेशकों के विश्वास को चुनौती देने वाला है। इसे लेकर विभिन्न ऑफिशियल्स और मार्केट वॉचडॉग्स अपने तर्क दे रहे हैं और इस पर विवाद संदेश जारी कर रहे हैं।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही, मंगलवार को बाजार बढ़कर खुला पर कमजोर होकर बंद हुआ, वहीं बुधवार और गुरुवार को बाजार में बढत दर्ज की गई लेकिन घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपेनियों में बिकवाली की वजह से शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 के स्तर पर खुला और 1048.90 अंक गिरकर 76,330.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर खुला और 345.55 अंक गिरकर 23,085.95 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 449.48 अंक उछलकर 76,779.49 पर खुला और 169.62 अंक बढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 141.25 अंक चढ़कर 23,227.20 अंक पर खुला और 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 23,176.05 पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 401.53 अंक चढ़कर 76,901.16 अंक पर खुला और 224.45 अंक चढ़कर 76,724.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 97.5 अंक बढ़कर 23,273.55 पर खुला और 37.15 अंक बढ़कर




23,213.20 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 595.42 अंक उछलकर 77,319.50 पर खुला और 318.74 (0.41त्न) अंकों की बढ़त के साथ 77,042.82 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। निफ्टी 178.45 अंक बढ़कर 23,391.65 पर खुला और 98.60 (0.42त्न) अंक उछलकर 23,311.80 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर खुला।

इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर खुला और सेंसेक्स 423.49 (0.54 फीसदी) अंक गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर खुला और 108.60 (0.47 फीसदी) अंकों की गिरावट के साथ 23,203.20 के स्तर पर बंद हुआ।

# महाकुंभ 2025: अदाणी की महाकुंभ सेवा को मिला 101 साल पुराने संगठन का साथ



**प्रयागराज** : जहां एक और महाकुंभ 2025 श्रृद्धालुओं के उत्साह के मामले में नित नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है वहीं देशभर के उद्योगपति भी कुंभ मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। ऐसा ही काम देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अदाणी 101 साल पुराने संगठन के साथ मिल कर कर रहे हैं। उस संगठन का नाम है गीता प्रेस। गीता प्रेस दुनियाभर में हिंदू धर्म से जुड़े साहित्य के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार का सबसे बड़ा संगठन है। गीता प्रेस और अदाणी समहू मिल कर श्रृद्धालुओं को मुफ्त में आरती संग्रह उपहार स्वरूप दे रहे हैं। इस आरती संग्रह का वितरण महाकुंभ मेला क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर वैन और स्टॉल लगाकर किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 10 मोबाइल वैन आरती संग्रह वितरण के कार्य में लगी हैं।

### गीता समूह और गौतम अदाणी आए साथ

साल 1923 में उर्दू बाजार गोरखपुर उत्तर प्रदेश में 10 रुपये महीने के किराए पर एक कमरा लिया गया और वहीं से शुरू हुआ गीता प्रेस का सफर गया। धीरे-धीरे गीताप्रेस का निर्माण हुआ और इसकी वजह से न सिर्फ हिंदू संस्कृति बल्कि पूरे विश्व में गोरखपुर को एक अलग पहचान मिली। 29 अप्रैल, 1955 को भारत के तत्कालीन व प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने गीताप्रेस भवन के मुख्य द्वार व लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन किया था। चार जून, 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने गीताप्रेस में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया था।

### महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा है अदाणी ग्रुप

महाकुंभ के सेक्टर-19 में अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर 40 स्थानों पर महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की है।

# टेलिकॉम सेक्टर में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में मोदी सरकार, दो कंपनियों को होगा लाभ

**मुंबई ।**

केंद्र की मोदी सरकार टेलिकॉम सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। मोदी सरकार एजीआर बकाया पर टेलिकॉम कंपनियों को बड़ी राहत दे सकती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी दूरसंचार कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है। इसमें ब्याज और जुर्माने का एक बड़ा हिस्सा है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार 50 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिशत जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर मोदी सरकार इस प्रस्ताव लागू करती हैं, तब ये भारत में टेलिकॉम बिजनस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। साथ ही इससे टेलिकॉम सेक्टर में दो बड़ी निजी कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि अगर प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है, तब टेलिकॉम कंपनियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत मिलेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा वोडाफोन आइडिया को होगा। कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया 52,000 करोड़ रुपये से अधिक कम हो सकता है। वित्तीय रूप से मजबूत भारती एयरटेल को करीब 38,000 करोड़ रुपये और टाटा टेलीसर्विसेज को 14,000 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। रिलायंस जियो पर कोई एजीआर बकाया नहीं है।



मामले से जुड़े सूत्र ने बताया कि प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और कैबिनेट सचिवालय सहित उच्चतम स्तर पर चर्चा हो रही है। मोदी सरकार 1 फरवरी के बजट में इस उपाय की घोषणा करने के लिए काम कर रही है। टेलिकॉम इंडस्ट्री साल 2016 में रिलायंस जियो के आने के बाद से कड़ी प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है।

# ग्रीव्ज कॉटन ने दोपहिया, तिपहिया वाहन श्रेणी में नए उत्पाद प्रदर्शित किए




**नई दिल्ली ।** ग्रीव्ज कॉटन लिमिटेड ने अपने मेड इन इंडिया उत्पादों का ताजा अनावरण किया, जो दोपहिया और तिपहिया श्रेणी में आते हैं। इन उत्पादों में कॉन्सेप्ट वाहन, चार्जिंग समाधान, इंजन, पावरट्रेन सिस्टम और खुदरा उपकरण शामिल हैं। कंपनी ने ये नए उत्पाद भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में प्रदर्शित किए। ग्रीव्ज की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल जाइबर और एक्सप्रेस का कॉन्सेप्ट मॉडल भी लोगों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक तिपहिया जारगो को भी लॉन्च किया, जो ई-कॉमर्स परिवेश के लिए उपयुक्त है। इसके साथ नेक्सस और मैग्नस ब्रांड के तहत नए संस्करण भी पेश किए गए। ग्रीव्ज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रिक यात्रा और कार्गो परिवहन में सर्वोत्तम समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे उत्पाद व्यावसायिक तथा परंपरागत इंजन वाहनों के लिए सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने भविष्य में और नए नवाचार मोबिलिटी समाधान प्रस्तुत करने का एलान भी किया।

# आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी...!



नीरज कुमार दुबे

**दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दशार्ती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4, 61, 910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1, 84, 205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी।**

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मयार्दा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।

आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन।

हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ।



यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं।

जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया।

इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं।

इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरूआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था।

वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं।

दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दशार्ती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4, 61, 910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1, 84, 205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी। इसके अलावा एक और आंकड़ा यह बताता है कि सबसे कम महंगाई दर के मामले में झारखंड के बाद दिल्ली का नंबर आता है। यानि दिल्ली में आमदनी ज्यादा है और महंगाई कम है इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में भी सबको सब कुछ फ्री में क्यों चाहिए? देश की जनता देख रही है कि क्या दिल्ली का मतदाता अपने निजी फायदे पर ध्यान देने की बजाय इस बार अपने शहर के फायदे को देखेगा?

## संपादकीय

### युद्धविराम और शांति

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मयार्दा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे।

## चिंतन-मनन

### धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई।

इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठिर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं?

प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो।

धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अतः यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



ललित गर्ग

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।

हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है।

# वैश्विकी : ट्रंप टीम को लेकर आशा और आशंका



डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति का पद संभालने के ठीक पहले दुनिया में नई शक्ति समीकरण बन रहे हैं। जहां तक भारत और अमेरिका के संबंधों की बात है, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण का पटाक्षेप होने वाला है। निवर्तमान बाइड़न प्रशासन ने पन्नू को लेकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी जिसे विदेश मंत्रालय ने अपने कूटनीतिक कौशल और सूझबूझ से निपटाया। पन्नू प्रकरण में केंद्र सरकार ने जहां अपनी कुछ कमजोरियों को स्वीकार किया वहीं अमेरिका के निराधार आरोपों को खारिज कर दिया। देश की उच्चस्तरीय जांच समिति ने सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और उन पर नियंत्रण की बात स्वीकार की ताकि भविष्य में ऐसे मामलों को जल्दी से सुलझाया जा सके। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में ट्रंप प्रशासन पन्नू जैसे खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगाम लगाएगा।






अमेरिका में इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप की टीम के सहयोग सदस्यों का अनुमोदन करने के लिए सीनेट में सुनवाई चल रही है। सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी का मामूली बहुमत है। इस कारण यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि ट्रंप टीम के कुछ सदस्यों को अनुमोदन हासिल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। सुनवाई के प्रारंभिक दौर से यह जाहिर हुआ कि मंत्री पद के जो उम्मीदवार नीतियों में निरंतरता कायम रखने के पक्ष में हैं उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर का भी समर्थन हासिल होगा। वहीं जो मंत्री और अधिकारी बाइडन प्रशासन की नीतियों में बड़ा बदलाव चाहते हैं करना चाहते हैं उन्हें विरोध का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन की ओर से नामांकित एटार्नी जनरल पाम बॉन्ड़ी की सुनवाई के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने उन्हें कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। उन्हें अगले चार वर्षों तक अमेरिका के विधि मंत्रालय (डिपार्टमेंट आफ जस्टिस) का कामकाज संभालना है। डेमोक्रेटिक सदस्यों को आशंका है कि बॉन्ड़ी बाइडन प्रशासन के अधिकारियों और समर्थकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती हैं। बाइड़न समर्थक और मुख्यधारा की मीडिया के लोग संघीय जांच ब्यूरो के प्रमुख के रूप में कश्यप पटेल (काश पटेल) को लेकर सबसे अधिक भयभीत हैं। काश पटेल को पाम बॉन्ड़ी की देखरेख में काम करना है। यही कारण है कि सुनवाई के दौरान कई सदस्यों ने पाम बॉन्ड़ी से जानना चाहा कि वह काश पटेल पर कैसे काबू रखेंगी। पटेल पूरी तरह ट्रंप के प्रति निष्ठावान हैं। उनके कामकाज की शैली और तेवर बहुत आक्रामक हैं। फिलहाल अनुमान है कि डेमोक्रेटिक सदस्यों के तीव्र विरोध के बावजूद उन्हें अनुमोदन हासिल हो जाएगा। सबसे अधिक दुविधा तुलसी गवार्ड. को लेकर है। उन्हें अमेरिका की 17 खुफिया एजेंसियों पर निगरानी रखने वाले राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (ड़ीएनआई) के रूप में मनोनीत किया गया है। वास्तव में ड़ीएनआई अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए आंख और कान का काम करता है। तुलसी गवार्ड युद्ध विरोधी हैं तथा दूसरे देशों में सैनिक हस्तक्षेप करने के खिलाफ हैं। वह वैष्णव हैं और हरे कृष्ण संप्रदाय से जुड़ी हैं। स्वाभाविक है कि वह बांग्लादेश में हरे कृष्ण संप्रदाय के धार्मिक नेता चिन्मय प्रभु के उत्पीड़न और हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर चिंतित होंगी। उनकी नियुक्ति भारत के लिए भी अनुकूल सिद्ध होगी।

अमेरिका में युद्ध समर्थक लॉबी हरसंभव कोशिश कर रही है कि तुलसी के नामांकन को सीनेट नामंजूर कर दे। रिपब्लिकन पार्टी के दो या तीन सदस्य यदि पाला बदलते हैं तो तुलसी की नियुक्ति खटाई में पड़ जाएगी। यह ट्रंप के लिए भी बड़ा झटका होगा। अमेरिका की राजनीति में इस्राइल समर्थक नेताओं का बोलबाला है। इन दिनों वहां आम चर्चा है कि ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल में अमेरिका और इस्राइल मिलकर ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करेंगे। फिलिस्तीन में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला की कमर तोड़ने के बाद इस्राइल ईरान को निशाना बनाना चाहता है। इसी खतरे का मुकाबला करने के लिए ईरान और रूस ने हाल में राजनीतिक सहयोग का समझौता किया है। राष्ट्रपति ट्रंप शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता देते हैं अथवा पश्चिम एशिया के दलदल में फंसने का जोखिम उठाते हैं इससे आने वाला अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम निर्धारित होगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# जवान-पठान के बाद इंस्पेक्टर गालिब के किरदार में नजर आएंगे शाहरुख?

चांदनी बार, पेज 3, फैशन, ट्रैफिक सिग्नल, जेल और हीरोइन जैसी फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड निर्देशक मधुर भंडारकर कथित तौर पर शाहरुख खान के साथ फिल्म इंस्पेक्टर गालिब के लिए बातचीत कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्ट अभी भी वही है उसमें कुछ बदलाव नहीं हुआ है और वह इसे फिर से शुरू कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ मिलकर इंस्पेक्टर गालिब नाम की एक एक्शन फिल्म बनाना चाहते हैं फैशन और हीरोइन जैसी फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता ने अब खुलासा किया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है और वह किसी दिन इसे फिर से शुरू कर सकते हैं। मधुर भंडारकर ने इंस्पेक्टर गालिब को लेकर कहा कि इस फिल्म को लेकर काम पूरा नहीं हो पाया क्योंकि महामारी की वजह से इसका काम रुक गया था और किंग से उस समय उनका संपर्क भी टूट गया था। हालांकि, वह भविष्य में फिल्म बनाने का प्लान बना रहे हैं।

एक्शन ड्रामा से भरपूर होगी फिल्म

मधुर भंडारकर से कुछ साल पहले जब शाहरुख खान के साथ उनकी फिल्म इंस्पेक्टर गालिब के लिए बारे में पूछा गया था। उन्होंने जवाब दिया, इसकी स्क्रिप्ट बहुत अच्छी है। मैं हमेशा से ऐसी फिल्म बनाना चाहता था और इसका सब्जेक्ट भी बहुत सुंदर है। यह यूपी के एक पुलिस वाले के बारे में है। स्क्रिप्ट पर थोड़ा काम अभी भी बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मधुर ने आगे कहा, मैं इंस्पेक्टर गालिब की स्क्रिप्ट पर जरूर काम करूंगा। मैं यह फिल्म जरूर बनाना चाहूंगा। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी। लेकिन मैं इसे तब बनाऊंगा, जब मुझे लगेगा कि मुझे इंस्पेक्टर गालिब बनानी चाहिए। वहीं काम की बात करें तो शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म किंग में नजर आएंगे। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म होगी। इस फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी।



# साउथ में खूब दिखा इन अभिनेत्रियों का जलवा, हिंदी सिनेमा में डेब्यू फिल्म ही रही फ्लॉप

पैन–इंडिया स्तर पर लोकप्रियता हासिल करना आसान काम नहीं होता। कई सितारे क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्री से निकल पूरे देश में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। वहीं, कुछ सितारे ऐसा करने में नाकाम रहे। आज हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें साउथ में काफी ज्यादा सफलता मिली, लेकिन हिंदी फिल्मों में उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही।

## कीर्ति सुरेश

कीर्ति सुरेश ने हाल ही में फिल्म बेबी जॉन से अपने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। इस फिल्म से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें थीं। हालांकि, कलीस के निर्देशन में बनी उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही है।

## पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े ने तमिल और तेलुगु सिनेमा में काफी ज्यादा सफलता हासिल की थी। इसके बाद 2016 में उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ मोहनजोदारो के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म अशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।

## मालविका मोहनन

दक्षिण सिनेमा में मालविका मोहनन ने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उन्होंने पिछले साल सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ युद्धा के जरिए पैन–इंडिया फिल्मों में कदम रखा। हालांकि, यह एक्शन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। मालविका हिंदी सिनेमा के दर्शकों के बीच अपना प्रभाव छोड़ने में भी नाकाम रही।



## रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना ने किरिक पार्टी से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। उनकी हालिया रिलीज फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई की है। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि रश्मिका का बॉलीवुड डेब्यू भी फीका रहा था। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ गुडबाय से की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी।

## तृषा कृष्णन

खट्टा मीठा साल 1988 की मलयालम फिल्म वेल्लनाकालुदे नाडु का रीमेक था, जिसमें मोहनलाल ने अभिनय किया था। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी खट्टा मीठा फिल्म में अक्षय कुमार और तृषा कृष्णन थे। हालांकि, 2010 में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत से भी नीचे रहा था।





# कब शुरू होगी श्रद्धा कपूर की फिल्म नागिन की शूटिंग?

कुछ साल पहले यह खबर सामने आई थी कि श्रद्धा कपूर फिल्म नागिन में लीड रोल निभाने वाली हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो सकती है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि हाल ही में इस फिल्म के निर्माता ने अहम अपडेट साझा किया है।

## निखिल द्विवेदी ने साझा की तस्वीर

मकर संक्रांति के मौके पर निखिल द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में फिल्म की स्क्रिप्ट की झलक दिख रही है। साझा किए गए फोटो में नागिन एन एपिक टेल ऑफ लव एंड सैक्रिफाइज लिखा हुआ दिख रहा है। वहीं, उसके नीचे क्रिएटेड एंड डेवलप्ड बाय सैफरॉन मैजिक वर्क्स लिखा है। स्क्रिप्ट के चारों ओर गेंदे के फूल भी देखे ज सकते हैं।

## कब शुरू होगी शूटिंग?

निखिल द्विवेदी ने इस तस्वीर को कैप्शन दिया, मकर संक्रांति और आखिरकार.... इस कैप्शन से यह साफ संकेत मिल रहा था कि फिल्म का काम अब शुरू होने वाला है। पिछले साल एक साक्षात्कार में निखिल द्विवेदी ने कहा था कि श्रद्धा कपूर इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की संभावना है।

## स्त्री 2 में नजर आई थीं श्रद्धा

श्रद्धा कपूर को आखिरी बार हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी हिट रही थी। फिल्म ने टिकट खिड़की पर 597.99 करोड़ का कलेक्शन किया था। फिल्म साल यानी 2024 में यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म थी।

# कार्तिक आर्यन की राह चलीं खुशी कपूर

कार्तिक आर्यन की फिल्म प्यार का पंचनामा देखी है? अगर देखा होगी तो इस फिल्म में उनका मोनोलॉग तो याद ही होगा। यह उनकी पहचान बन गया है। कार्तिक आर्यन किसी इवेंट में शामिल हों फैंस उनसे इस मोनोलॉग की डिमांड करने लगते हैं। अब कुछ ऐसा ही प्रयोग खुशी कपूर करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक लवयापा में उनका मोनोलॉग है। इसकी अवधि भी कम नहीं है।

## कितने मिनट का होगा मोनोलॉग

श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर फिल्म लवयापा में आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं। इसका ट्रेलर बीते दिनों लॉन्च हुआ। हालांकि, इसे ठंडी प्रतिक्रिया ही मिली है। इस बीच फिल्म में खुशी के मोनोलॉग की खबर आ रही है। फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक लवयापा में खुशी कपूर का आठ मिनट लंबा मोनोलॉग होगा।

## उम्मीदों पर उतर पाएंगी खरी?

इसमें कोई दोराय नहीं कि कार्तिक आर्यन का मोनोलॉग दर्शकों के दिमाग पर छा गया है। अब आगामी फिल्मों में अगर कोई मोनोलॉग पेश करता है तो उम्मीदें भी उसी किस्म की होंगी। ऐसे में अगर खुशी कपूर का मोनोलॉग दर्शकों को देखने को मिलता है तो क्या वे उम्मीदों पर खरी उतर पाएंगी? बता दें कि मोनोलॉग को लेकर अभी मेकर्स की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।





# दोस्ताना 2 टलने के बाद नई फिल्म पर काम करेंगे करण-कार्तिक-जान्हवी

करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आने वाले थे। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हुई। लेकिन फिर कोविड–19 महामारी के बीच फिल्म हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में चली गई। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच कुछ रचनात्मक मतभेदों के चलते फिल्म अटक गई। अब खबरें हैं कि करण जौहर फिर एक फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी खबरें शुरू क्यों हुईं? यह भी जान लेते हैं।

## क्या फिर साथ आएगी दोनों की जोड़ी?

दरअसल, हाल ही में करण जौहर को जान्हवी कपूर के साथ देखा गया। फिर करण जौहर की कार्तिक आर्यन के साथ भी तस्वीरें सामने आईं। दोनों ही तस्वीरों में करण जौहर एक जैसे आउटफिट में हैं। दावा किया जा रहा है कि यह फोटो एक ही वक्त की हैं। और बस...इसी के बाद यह सवाल भी उछला कि क्या ये तीनों फिर एक साथ किसी फिल्म पर काम करने वाले हैं?

## कार्तिक के साथ फिल्म बना रहे करण जौहर

जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन दोनों के साथ ही करण जौहर ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। बता दें कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर पहले ही तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी कर रहे हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का एलान 2024 में क्रिसमस पर किया गया। समीर विध्वंस इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## धर्मा की इस फिल्म का हिस्सा हैं जान्हवी

जान्हवी कपूर के पास भी धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। इसमें वे वरुण धवन के अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म को शशांक खेतान ने लिखा है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।



# बेबी जॉन की असफलता पर जैकी श्रॉफ की प्रतिक्रिया

फिल्म बेबी जॉन क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। रिलीज से पहले अपने एक्शन के लिए जबर्दस्त सुर्खियां बटोरने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई है। इसमें वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश के साथ एक्टर जैकी श्रॉफ भी नजर आए। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की विफलता पर प्रतिक्रिया दी है। प्रोड्यूसर्स के लिए खराब लगता है फिल्म बेबी जॉन के खराब बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए जैकी श्रॉफ का कहना है कि उन्हें निर्माताओं के लिए खराब लगता है। उन्होंने बातचीत में यह कहा। बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ खलनायक की भूमिका में नजर आए। कथित तौर पर बेबी जॉन को करीब 180 करोड़ रुपये से अधिक के बजट में बनाया गया। फिल्म 50 करोड़ रुपये भी जुटा पाने में नाकाम साबित हुई।

## भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं निर्माता

जैकी श्रॉफ से जब पूछा गया कि क्या फिल्म के खराब प्रदर्शन से उन पर असर पड़ता है? इस पर उन्होंने कहा, निर्माता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। वे इन प्रोजेक्ट्स में बहुत सारा पैसा लगाते हैं और बहुत ही भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं। जब वे इस लागत को वसूल नहीं कर पाते तो बहुत तकलीफ होती है। एक कलाकार के तौर पर बेशक आप चाहते हैं कि आपके अभिनय को पसंद किया जाए, लेकिन आप यह भी चाहते हैं कि यह सिनेमा अच्छा चले।

## बजट का सिर्फ इतने प्रतिशत निकाल पाई

फिल्म की असफलता पर जैकी श्रॉफ ने कहा, दुख होता है पर खुद के लिए नहीं, प्रोड्यूसर्स के लिए ज्यादा दुख होता है। आप अपना काम गंभीरता से करते हो, लेकिन जिस शख्स ने इसमें पैसा लगाया होता है आपको उसके लिए भी सोचना होता है। बता दें कि फिल्म बेबी जॉन का निर्देशन कलीस ने किया। इसे एटली, ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी ने प्रोड्यूस किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अपने बजट का सिर्फ 24.55 प्रतिशत ही निकाल पाई।

# रूपाली गांगुली ने कास्टिंग काउच के बारे में बताया सच

टीवी शो अनुपमा से प्रसिद्ध हुई रूपाली गांगुली ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें फिल्मों में असफल माना जाता था क्योंकि बॉलीवुड से दूर जाने का फैसला उन्होंने जानबूझकर लिया था। अनुपमा शो के बारे में रूपाली ने खुलकर बात की और बताया कि यह शो उनके लिए एक परिवार की तरह है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूपाली ने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने फिल्मों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह मेरा फैसला था क्योंकि उस समय इंडस्ट्री में मुख्य रूप से कास्टिंग काउच मौजूद था। कुछ लोगों को इसका सामना ना करना पड़ा हो, लेकिन मेरे जैसे लोगों को इसका सामना करना पड़ा। इसलिए, आपको असफल माना जाता है क्योंकि आप एक फिल्मी परिवार से आते हैं। अभिनेत्री ने आगे राजन शाही के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और बताया कि कैसे टेलीविजन शो अनुपमा ने उनकी जिंदगी बदल दी। रूपाली ने कहा, मैं उस समय खुद को छोटा महसूस करती थी, लेकिन अनुपमा की बदौलत मुझे बहुत गर्व महसूस होता है। इस शो ने मुझे वह मुकाम दिलाया, जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था। रूपाली गांगुली का शो अनुपमा आज के समय में टीवी के टॉप शो में से एक है, जो पिछले कई सालों से टीआरपी चार्ट पर राज कर रहा है। हालांकि, हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक्ट्रेस राजन शाही के शो को छोड़ने वाली हैं।



# घरेलू क्रिकेट को कोई हल्के में नहीं लेता : रोहित

## मुम्बई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में खेलने तैयार हूं




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह मुम्बई की ओर से रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। वहीं रोहित ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी घरेलू प्रतियोगिता को हल्के में नहीं लेता है पर अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम के कारण ही खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाते हैं।रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 23 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसमें मुंबई की टीम जम्मू-कश्मीर का मुकाबला करेगी। हाल के दिनों में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना झेल रहे रोहित ने कहा कि

पिछले 6 से 7 साल से अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हम 45 दिनों तक घर बैठे रहे हो। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल समाप्त होने के तत्काल बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है। भारतीय कप्तान ने कहा कि हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। वहीं जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नहीं खेल रहे होते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात करूं तो मैंने 2019 से नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया दिया है। ऐसे में आपको मुश्किल से ही समय मिलता है।

जब आप नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको तरोताजा होने के लिए समय की जरूरत होती है। ऐसा नहीं है कि कोई घरेलू क्रिकेट को हल्के में ले रहा है। उन्होंने टेस्ट में अपनी पिछली 15 पारियों में केवल एक अर्धशतक बनाने के बाद भी इस प्रारूप से संन्यास लेने से मना कर दिया है। रोहित हाल के ऑस्ट्रेलिया दौर में असफल रहे थे और 5 पारियों में सिर्फ 31 रन ही बना सके थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेल सीरीज में भी वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये थे।

# बोपन्ना-शुआई की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेलबर्न - अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी। इससे भारतीय-चीनी जोड़ी कोर्ट पर उतरे बिना ही अंतिम आठ में पहुंच गई। बोपन्ना और शुआई का अगला मुकाबला हंगरी की टिमिया बाबोस और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवलो तथा ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बोपन्ना और शुआई की जोड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती मैच में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिक को 6-4, 6-4 से हराया था।

# आईपीएल 2025: लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिका गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद LSG टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।



पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। LSG फ्रैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी।

शुरू में रूस्त्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमें बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और DC ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए LSG द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए।

पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 110 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने उसी सीजन में उन्हें प्लेऑफ में पहुंचाया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले LSG ने अनकैप्ड स्टार मोहसिन खान और आयुष बदोनी के साथ निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई को रिटेन किया। लखनऊ स्थित फ्रैंचाइजी ने 14 में से सात मैच जीतकर 14 अंकों के साथ स्टैंडिंग में 7वें स्थान पर अपना आईपीएल 2024 का सफर समाप्त किया।

# भारतीय महिला टीम ने अंडर-19 टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को हराया

**क्वालालंपुर (एजेंसी)।** पारूनिका सिसोदिया (तीन विकेट), आयुषी शुक्ला और वीजे जोशिता (दो-दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सनिका चलके (नाबाद 18) और जी कामिलीनी (नाबाद16) शानदार पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को अंडर-19 टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया हैं।

आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सकी। भारतीय गेंदबाजों ने महज 13.2 ओवर में वेस्टइंडीज की




टीम को 44 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से असाबी कॉलेंडर (12) और केनिका कसार (15) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज वीजे जोशिता ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके जबकि बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी आयुषी शुक्ला और पारुनिका सिसोदिया ने लगातार दो ओवर के अंतराल पर दो विकेट झटकर 5.1 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 17 पर चार विकेट कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के तीन खिलाड़ियों को रनआउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जी तृषा (चार) का विकेट गवांने के बाद जी कमालिनी (नाबाद 16) और सनिका चलके( नाबाद 16) ने मिलकर पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर 47 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से जी क्लैसटन को एकमात्र विकेट मिला।

## श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, बड़े खिलाड़ी को कोहनी में लगी चोट

नई दिल्ली - श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ की कोहनी में चोट लग गई है, लेकिन उनके इस सप्ताह के अंत में दुबई में प्री-टूर कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। सीए ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलते समय अपने अंगूठे में हुए फ्रैक्चर की सर्जरी से उबर रहे हैं जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाएं टखने के दर्द की रिकवरी पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद निगरानी जारी रहेगी। स्मिथ को शुक्रवार को बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए फील्डिंग करते समय दाहिनी कोहनी में चोट लग गई जिसके कारण सिडनी थंडर के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। कुहनेमन के बारे में सीए ने कहा कि वह तब तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे जब तक उनके फ्रैक्चर वाले अंगूठे पर सर्जरी का घाव ठीक नहीं हो जाता। सीए ने कहा, 'अगर वह अच्छी प्रगति करते रहे तो श्रीलंका में टीम में शामिल होने के उद्देश्य से वह इस सप्ताह गेंदबाजी फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं।'




# बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन फिर मुश्किलों में, गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका । ढाका की एक अदालत ने रविवार को बांग्लादेश के ऑलराउंडर और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के खिलाफ दो बैंक चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पिछले साल नागरिक अशांति के कारण अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद से शाकिब अपनी जान को खतरा होने के डर से बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। अदालत के एक अधिकारी ने बताया, 'अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जियादुर रहमान ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए पुलिस से 24 मार्च को आदेश के क्रियान्वयन पर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।' उन्होंने कहा कि वारंट इसलिए जारी किया गया क्योंकि हसन जो एक कृषि फार्म के अध्यक्ष भी हैं, चेक बाउंस होने से संबंधित एक मामले में पहले दिए गए आदेश के अनुसार अदालत में पेश नहीं हुए। फार्म के प्रबंध निदेशक गाजी शाहगीर हुसैन के खिलाफ भी इसी तरह का एक और वारंट जारी किया गया क्योंकि उन्होंने भी समन का जवाब नहीं दिया। इंटरनेशनल फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड कॉमर्स (आईएफआईसी) बैंक ने क्रिकेटर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आईएफआईसी बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में चेक बाउंस होने के मामले में कानूनी नोटिस जारी किया था। इसके बाद 24 दिसंबर को क्रिकेटर से व्यवसायी बने और उनकी कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। फार्म के दो अधिकारियों ने आज अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया और जमानत की गुहार लगाई जिसे अदालत ने सुनवाई के बाद मंजूर कर लिया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब ने 2016 में दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा में शाकिब अल हसन एग्रो फार्म नाम से एक केकड़ा फार्म स्थापित किया था। कंपनी कथित तौर पर 2021 से निष्क्रिय है।



# इंग्लैंड में काऊंटी क्रिकेट खेलें विराट कोहली : संजय मांजरेकर

मुम्बई । पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने विराट कोहली से कहा है कि वह इंग्लैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले फॉर्म हासिल करने के लिए काउंटी क्रिकेट खेलें। मांजरेकर ने कहा कि इससे विराट वहां के हालातों से भी बेहतर तरीके से तालमेल बैठा सकेंगे। विराट पिछले कुछ समय से फार्म से बाहर हैं। वह न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रन बनाने में असफल रहे थे। ऐसे में अब उनका लक्ष्य अपना प्रदर्शन बेहतर करना रहेगा। मांजरेकर ने कहा कि कोहली को टेस्ट शुरू होने से पहले इंग्लैड में लाल गेंद क्रिकेट में कुछ अभ्यास हासिल करना चाहिये। मांजरेकर ने कहा कि कोहली को काफी लाल गेंद क्रिकेट खेलना चाहिये। भारतीय टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। पहला टेस्ट जून में होगा, जबकि काउंटी चैंपियनशिप अप्रैल में शुरू होगी। ऐसे में वह पुजारा की तरह काउंटी टीम में शामिल हो सकते हैं और मैच अभ्यास हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम शुरुआती टेस्ट मैचों में उनके प्रदर्शन की समीक्षा कर सकती है। यदि सकारात्मक संकेत हैं, तो वह जारी रख सकते हैं। प्रशंसक चाहते हैं कि विराट वहां जाकर संघर्ष न करें, जैसा कि हमने पहले देखा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं होगा। ऐसे में काउंटी क्रिकेट खेलना उनके लिए सबसे बेहतर रहेगा। वहीं पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी संजय बांगड़ ने कहा कि कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के बल पर एक बार फिर शानदार वापसी करेंगे।



# पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में 127 [र]नों से हराया

### -1-0 की बढ़त हासिल की

**मुंबई (एजेंसी)।** मुल्तान (ईएमएस)। पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में 127 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में पाक की जीत में स्पिनरों साजिद खान और अबरार अहमद के अलावा कप्तान शान मसूद की अहम भूमिका रही। मसूद ने जहां अर्धशतकीय पारी खेलते हए 52 रन बनाये। वहीं साजिद ने पांच विकेट जबकि अबरार ने चार विकेट लिए। इस प्रकार पाक टीम ने तीसरे ही दिन ये मैच जीत लिया।

इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 230 रन बनाए। इसके बाद पहली पारी में वेस्टइंडीज की टीम 137 रन पर आउट हो गई। इस प्रकार पहली पारी में पाकिस्तान को 93 रन की बढ़त मिली। वहीं पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 157 रन बनाए और टीम की कुल बढ़त 250 रन की हो गई। इस प्रकार वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम दूसरी पारी में 123 रन पर आउट हो गई और उसे हार का सामना करना पड़ा।




वेस्टइंडीज की ओर से केवल ऐलेक ऐथनेज ही 55 रन बना पाये। वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही सिमट गये। टीम के केवल पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। पाक की ओर से साजिद ने 50 रन देकर पांच विकेट लिए। वहं अबरार ने 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले जोमेल वारिकन के 32 रन देकर सात विकेट की सहायता से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 पर ही आउट कर दिया। इस प्रकार वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था।

## रवींद्र जडेजा ने अभ्यास सत्र में लिया हिस्सा, दिल्ली के खिलाफ में खेल स[…]कते हैं रणजी ट्रॉफी मैच



स्पोर्ट्स डेस्क । अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा राजकोट में टीम के अभ्यास सत्र में शामि[…] होने के बाद दिल्ली के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र के लिए खेल सकते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जडेजा रविवार की सुबह सौराष्ट्र के नेट स[…] में थे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की कप्तानी वाली टीम के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और चैंपि[…]ंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में चुना गया था। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच जनवरी 2023 में तमिलनाडु के खिलाफ घुटने की चोट के बाद वा[…]सी करते हुए खेला था और 8 विकेट लिए थे। उन्होंने हाल ही में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पांच में से तीन टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें 3-1 से हा[…] का सामना करना पड़ा था। इसके तुरंत बाद बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में भागीदारी को अनिवार्य बनाने के लिए 10-सूत्रीय नीति दस्तावेज पेश किया और कहा कि [...]र-अनुपालन अंतरराष्ट्रीय चयन और केंद्रीय अनुबंध नवीनीकरण को प्रभावित कर सकता है। 11 अंकों के साथ एलीट ग्रुप डी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर काबिज [...]ौराष्ट्र 23 जनवरी को निरंजन शाह स्टेडियम में चौथे स्थान पर काबिज दिल्ली से भिड़ने के साथ अपने रणजी ट्रॉफी अभियान को फिर से शुरू करेगा जिसके 14 अंक[…] हैं। जडेजा के अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत राजकोट में दिल्ली के लिए खेलेंगे जबकि भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ बांद्रा[…]-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमसीए मैदान पर जम्मू और कश्मीर के खिलाफ अपने मैच में मुंबई के लिए खेलेंगे। वनडे उप-कप्तान शुभमन गिल के कर्नाटक के खिलाफ अपने मैच में पंजाब के लिए ख[…]लने की उम्मीद है। कोहनी की चोट के कारण केएल राहुल के घरेलू क्रिकेट खेलने की संभावना नहीं है। वहीं गर्दन में मोच के कारण विराट कोहली को शेष रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए दिल्ली की टी[…]म में भी शामिल नहीं किया गया है।

# ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर की दादी और मामा सड़क हादसे का शिकार, मौके पर तोड़ा दम




स्पोर्ट्स डेस्क । अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खिलाड़ी मनु भाकर की दादी और मामा की रविवार 19 जनवरी को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 9 बजे महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर एक स्कूटर और ब्रेजा कार की टक्कर के कारण हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनु भाकर की दादी और चाचा की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। अभी दो दिन पहले ही मनु भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न पुरस्कार मिला था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। शहर थाना प्रभारी और पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौर हो कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर को शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। भाकर स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ओलंपिक में दो पदक जीते हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में यह कमाल किया था।

# भारत में तेजी से आगे बढ़ रहा एथलेटिक्स : फराह




मुंबई । दिग्गज एथलीट मो फराह ने कहा है कि भारत में अन्य खेलों के साथ ही एथलेटिक्स भी अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि अधिक से अधिक युवा इस क्षेत्र में आगे आ रहे है जो एक सकारात्मक बात है। युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से एथलेटिक्स के क्षेत्र को बदल सकते हैं। फराह ने कहा है कि आजकल भारत में एथलेटिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं में इतनी क्षमता है कि वे इस क्षेत्र में बेतर प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि उनमें काफी प्रतिभा है। फराह ने कहा कि जिस प्रकार भारत खेल में तेजी से आगे बढ़ रहा है वह सभी को प्रभावित कर रहा है। टाटा मुंबई मैराथन के 20वें सत्र के ब्रांड दूत बनने पर भारत आये फराह ने कहा, ''देश के विकास, युवा एथलीटों की प्रतिभा को देखना एक शानदार अनुभव है। आप अगर कड़ी मेहनत करें तो जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है और यही भारत में भी हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''आप जानते हैं कि भारत में एथलेटिक्स लगातार आगे बढ़ रहा है। यह हालांकि अभी नंबर एक पर नहीं पहुंचा है पर इसमे तेजी आ रही है। उन्होंने कहा, '' मुझे राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य चैंपियनशिप के लिए भारत आना याद है। युवा एथलीटों को यहां प्रदर्शन कतरे देखना अच्छा सुखद अनुभव है।

# अर्जुन पुरस्कार विजेता सुचा सिंह को अब भी पंजाब सरकार की अ नदेखी का दर्द

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है। अर्जुन पुरस्कार दिए जाने की घोषणा के बाद पंजाब के 74 साल के सिंह की सारी नाराजगी दूर हो गई थी क्योंकि आखिर देश ने उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया।

अर्जुन पुरस्कार के लिए वह 10 साल तक फॉर्म भरते रहे और थककर उम्मीद छोड़ दी थी। सिंह ने कहा, 'अर्जुन पुरस्कार मिलने से पूरी जिंदगी की कड़ी मेहनत का फल मिल गया, देश के लिए पदक जीतने के लिए जीजान लगा दी थी लेकिन अपनी उपलब्धियों की अनदेखी किए जाने का गम था, जो अब इस पुरस्कार ने खत्म कर दिया।' यह बोलते हुए उनकी आंखे डबडबा गई।

उन्होंने अपने खेल के दिनों की बात याद करते हुए कहा, 'जब मैं 1965 में जंग के समय सेना में भर्ती हुआ था तो ट्रेनिंग के साथ साथ अपनी स्पर्धा का अभ्यास भी करता था। मैं कबड्डी और दौड़ने में काफी अच्छा था, पर सेना के कोच ने मुझे दौड़ पर ध्यान लगाने के लिए कहा। मेरे पास दौड़ने के जूते नहीं थे जो तब 400 रुपए में आते थे और मेरी तनख्वाह थी 150 रुपए।'

पंजाब सरकार से भी उन्हें वो सम्मान नहीं मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, 'पंजाब सरकार ने कभी भी उस तरह सम्मानित नहीं किया जैसे अन्य राज्य सरकार करती हैं, मुझे मेरी उपलब्धियों के लिए 100 रूपए का लिफाफा मिला था जबकि मैंने इस समारोह में शिरकत करने के लिए 800 रूपए जोड़े थे जिसमें से 200 रूपए तो दोस्तों ने ही जश्न मनाने में खत्म करवा दिए थे।'

अपने समय में खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'तब खिलाड़ियों के लिए इतनी सुविधायें नहीं होती थीं, कोई प्रायोजक नहीं होता था। दौड़ने के लिए कोई ट्रैक नहीं होता था, 1982 में जब नई दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी की गई तभी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम बना था। मेरे पास दौड़ने के लिए जूते और ट्रैक सूट नहीं था। पहले इतने कोच और अभ्यास के लिए उपकरण नहीं होते थे। अब दौर ही बदल गया है। अब खिलाड़ियों की उपलब्धियों का पूरा सम्मान होता है।'

उन्हें देश के लिए 1972 म्यूनिख ओलंपिक में प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था लेकिन चोट के कारण वह इसमें हिस्सा नहीं ले सके और खेल के इस महासमर में खेलने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका। देश को 1970 में बैंकाक में छठे एशियाई खेलों में चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक दिलाने वाले सिंह अपने शुरूआती दिनों की बात करते हुए काफी उत्साह से भर जाते हैं कि किस जुनून और कड़ी मेहनत से वो देश को तमगा दिलाने में लगे रहते थे। आठ साल सेना में रहने के बाद वह 1973 में टाटा स्टील में जमशेदपुर चले गए जहां उनकी तनख्वाह 5000 रुपए हो गई।

सिंह ने कहा, 'खेलों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद मुझे सेना में 'कमिशन' नहीं मिला था। हालांकि पदोन्नति पर सिर्फ पांच रूपए बढ़ते थे। फिर मैं जमशेदपुर चला गया और जब तक टाटा स्टील में रहा, उनका सर्वश्रेष्ठ एथलीट रहा।' उन्होंने इसी दौरान तेहरान में हुए 1974 में सातवें एशियाई खेलों में चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक



अं[…] फिर अगले साल दक्षिण कोरिया के सोल में हुई दूसरी एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्व[…]र्ण पदक जीता। सिंह हालांकि ओलंपिक में नहीं खे[…]ल पाए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए वेटरंस टूर्[…]मेंट में भी हिस्सा लिया। इससे पहले वह अर्[…]जुन पुरस्कार के लिए लगातार 10 साल तक फॉ[…]र्म भरते रहे लेकिन फिर बंद कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दबाव डालने से चीन की प्रगति नहीं रुकेगी



बीजिंग, एजेंसी। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने हाल में चीन से संबंधित अमेरिका के कई व्यापारिक प्रतिबंधों के बारे में बयान जारी किया। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में बाइडन सरकार ने अपने शेष कार्यकाल में चीन पर कई व्यापारिक प्रतिबंध जारी किए और तथाकथित राष्ट्रीय सुरक्षा के बहाने चीन को सेमीकंडक्टर के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ाया। इसके साथ बाइडन सरकार ने अमेरिका में चीनी कनेक्टेड कार के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर व वाहन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया और चीन समेत कुछ देशों के यूएवी व्यवस्था के खिलाफ सूचना, संचार प्रौद्योगिकी और सेवा सुरक्षा की समीक्षा शुरू की। कई चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया और कई चीनी संस्थाओं को कुख्यात बाज़ार के रूप में सूचीबद्ध किया गया। चीन इसका कड़ा विरोध करता है। प्रवक्ता ने कहा कि बाइडन सरकार के संबंधित कदमों से चीनी उद्यमों के कानूनी हितों, बाजार नियमों और अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। इससे अमेरिका समेत विभिन्न देशों के उद्यमों के हितों को क्षति पहुंचेगी। अमेरिका के व्यापक मुख्य कंपनियों और उद्योग संघों ने कुछ कदमों का विरोध जताया और कुछ देशों व क्षेत्रों ने भी असहमति व्यक्त की। अमेरिका सरकार की कार्रवाई बिलकुल आर्थिक दबाव और धौंस जमाने का व्यवहार है, जो गैरजिम्मेदाराना है। इससे न सिर्फ चीन-अमेरिका व्यापारिक संबंध, बल्कि विश्व आर्थिक स्थिरता और विकास पर भी बुरा असर पड़ेगा।

### अमेरिकी बच्चों ने एज़ यू विश गीत गाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित किया

बीजिंग, एजेंसी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वो च्याखुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। एक रिपोर्टर ने पूछा कि हाल ही में, पेइचिंग के स्वर्ग मंदिर में अमेरिकी बच्चों के गायक मंडली वन वॉयस द्वारा चीनी गीत एज़ यू विश गाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय हुआ, जिसे दस लाख से अधिक लाइक मिले और नेटिजेंस ने कहा कि उन्होंने वास्तव में अच्छा गाया। इस पर प्रवक्ता की क्या टिप्पणी है? इस संबंध में क्वो च्याखुन ने कहा कि इस वीडियो को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है और अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जो एक बार फिर दिखाता है कि चीन और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करना लोकप्रिय है और जनता की राय के अनुरूप है। नवंबर 2023 में, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सैन फ्रांसिस्को में घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 50,000 अमेरिकी युवाओं को आदान-प्रदान और अध्ययन के लिए चीन आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से प्रेरित होकर, 2024 में कुल 16,000 से अधिक अमेरिकी युवा आदान-प्रदान और अध्ययन के लिए चीन आए हैं। उन्होंने चीन में नए दोस्त बनाए, नई भाषा सीखी, चीनी संस्कृति का अनुभव किया और आधुनिक चीन को महसूस किया। देशों के बीच आदान-प्रदान की ताकत उनके लोगों के बीच मैत्री में निहित है। उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच मैत्री को बढ़ावा देने वाले अधिक नई पीढ़ी के दूत चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर, स्वस्थ और सतत विकास का एक नया अध्याय लिखना जारी रखेंगे।

### चीनी अल्पसंख्यक जातीय क्षेत्रों में विकास के लिए 6.66 अरब युआन की निधि मिली

बीजिंग, एजेंसी। चीनी राष्ट्रीय जातीय मामलों के आयोग से मिली खबर के अनुसार, अब तक, साल 2025 ग्रामीण पुनरुद्धार के संवर्धन और अल्पसंख्यक जातीय विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की सब्सिडी निधि के 6.66 अरब युआन अग्रिम रूप से जारी किए गए हैं। बताया गया है कि इस निधि का उपयोग अल्पसंख्यक जातीय क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों को समेकित और विस्तारित करना, व्यापक रूप से ग्रामीण पुनरुद्धार को बढ़ावा देना आदि क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके साथ ही, इस निधि से जातीय विकास के लिए नीति प्रणाली में और सुधार किया जाएगा, सामंजस्यपूर्ण गांवों के निर्माण को आगे बढ़ाया जाएगा, अल्पसंख्यक जातीय व्यापार और उत्पाद उद्योगों में सुधार किया जाएगा, और अल्पसंख्यक जातीय हस्तशिल्प ब्रांडों के विकास की पदोन्नति की जाएगी।

### ट्रंप ने फिल्म स्टार मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, बोले- ये मेरे आंख और कान

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को फिल्म अभिनेता जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को हॉलीवुड के लिए अपना विशेष राजदूत नियुक्त किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने ये भी लिखा कि हॉलीवुड मुश्किल समय से गुजर रहा है और ये तीनों उसका स्वर्ण युग वापस लेकर आएंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा पोस्ट में लिखा कि ये मेरे लिए सम्मान की बात है कि जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन, मुश्किलों से जूझ रहे, लेकिन महान हॉलीवुड के विशेष राजदूत होंगे। वे मेरे विशेष प्रतिनिधि के तौर पर सेवाएं देंगे और हॉलीवुड को फिर से मजबूत और बेहतर बनाएंगे।

# सिंगापुर विवि में इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर हुए प्रदर्शन की जांच शुरू, छात्रों के खिलाफ केस



सिंगापुर सिटी, एजेंसी। सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का मामला जोर पकड़ रहा है। विवि में येरुशलम के हिब्रू विवि के साथ एक शोध गठबंधन का छात्रों ने विरोध किया। विवि परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन पर सिंगापुर ने छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सिंगापुर सरकार ने एक बार फिर फलस्तीनियों की मदद का एलान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विवि में क्रिएट रिसर्च बिल्डिंग के सामने छात्रों ने 100 जोड़ी जूते और सफेद कफन रखकर विरोध किया। छात्रों ने इस्राइल हमास युद्ध में जान गंवाने वाले फलस्तीन छात्रों के प्रति शोक व्यक्त किया। स्टूडेंट्स फॉर फलस्तीन सिंगापुर के नेतृत्व में इस हुए प्रदर्शन में छात्रों ने सिंगापुर से इस्राइल के साथ शैक्षिणिक, आर्थिक और राजनीतिक संबंध समाप्त करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बताया कि उन्होंने क्रिएट रिसर्च बिल्डिंग को इसलिए चुना क्योंकि इसमें येरुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ अनुसंधान गठबंधन है। यह गठबंधन गाजा में नरसंहार का मुखर और वित्तीय रूप से समर्थन करता है। छात्रों ने सिंगापुर के विश्वविद्यालयों से इस्राइली विवि के साथ सहयोग समाप्त करने का आह्वान किया। इसके अलावा छात्र संगठन ने विवि से इस्राइली सेना से जुड़ी कंपनियों के साथ सभी वित्तीय निवेशों से अलग होने तथा छात्र कार्यकर्ताओं पर पुलिस निगरानी और धमकी बंद करने का भी आग्रह किया।

**बिना अनुमति सभा करने के नियम का पालन नहीं हुआ: पुलिस :** विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस ने छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कहा कि सिंगापुर में सार्वजनिक सभाएं सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम 2009 के तहत होती हैं। यहां पुलिस की अनुमति के बिना सार्वजनिक सभा का आयोजन करना या उसमें भाग लेना अपराध माना जाता है। पुलिस ऐसी सभाओं को अनुमति नहीं देगी जो दूसरे देशों या विदेशी संस्थाओं के राजनीतिक कारणों की वकालत करती हों या जिनमें भावनाओं को भड़काने और सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की क्षमता हो। विवि के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारे कैंपस की संपत्ति पर एक अनाधिकृत कृत्य है और रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**फलस्तीनियों को सहायता दे रहा सिंगापुर :** पिछले एक साल में सिंगापुर ने फलस्तीनियों को छह किश्तों में 13.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की मानवीय सहायता दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि विदेश मामलों के दूसरे मंत्री मोहम्मद मलिकी ओस्मान एक चैरिटी संगठन को चेक प्रदान करने के लिए जॉर्डन का दौरा करेंगे। सिंगापुर फलस्तीनियों को अधिक मानवीय सहायता देगा। मंत्री बालाकृष्णन ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में लोगों को मदद की सख्त जरूरत है। हम फलस्तीनियों को समर्थन देना जारी रखेंगे। सिंगापुर फलस्तीनी प्राधिकरण के साथ मिलकर करता रहेगा। सिंगापुर दो-राज्य समाधान का समर्थन करता है और इसकी आशा करता है।

उन्होंने कहा कि यही एक तरीका है जिससे हम व्यापक, न्यायपूर्ण और टिकाऊ शांति स्थापित कर सकेंगे। डॉ. बालकृष्णन ने गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए हाल ही में हुए समझौते का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से हिंसा की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है जिसने एक वर्ष से अधिक समय से इस क्षेत्र को तबाह कर रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है। बहुत अधिक मौतें और विनाश हुआ है। इसलिए कम से कम अब इस बहुत लंबी और कष्टदायक जंग के अंत में आशा और प्रकाश की एक किरण दिखाई दे रही है।

## लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही स्पेसएक्स का अंतरिक्षयान तबाह, मस्क बोले- मनोरंजन की गारंटी है

वॉशिंगटन, एजेंसी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को झटका लगा है। दरअसल स्पेसएक्स ने गुरुवार सुबह अपने स्टारशिप रॉकेट को लॉन्च किया था, लेकिन लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही अंतरिक्षयान का स्पेसएक्स से संपर्क टूट गया और तबाह होने के बाद अंतरिक्षयान का मलबा हवा में फैल गया। एलन मस्क ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा कि सफलता अनिश्चित है, लेकिन मनोरंजन की गारंटी है।



**कंपनी ने जारी किया बयान :** एलन मस्क की कंपनी ने कहा कि टेक्सास के बोका चिका से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही अंतरिक्ष यान के छह इंजन एक-एक करके बंद हो गए। उड़ान के केवल 8 1/2 मिनट बाद ही अंतरिक्षयान का संपर्क टूट गया। यह घटना तब हुई, जब रॉकेट के सुपर हैवी बूस्टर ने अंतरिक्षयान से अलग होना शुरू किया था। यह स्टारशिप रॉकेट की सातवीं परीक्षण उड़ान थी। स्पेसएक्स के मिशन कंट्रोल के कम्युनिकेशन मैनेजर का कहना है कि स्टारशिप से संचार टूटने की वजह ऊपरी चरण में हुई तकनीकी खामी थी और कुछ मिनट बाद ही अंतरिक्षयान पूरी तरह से नष्ट हो गया और उसका मलबा आकाश में बिखर गया। स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसमें अंतरिक्षयान के मलबे के टुकड़े आसमान में बिखरे दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के साथ मस्क ने लिखा कि सफलता अनिश्चित है, लेकिन मनोरंजन की गारंटी है। अंतरिक्षयान को टेक्सास में मैक्सिको की खाड़ी से उड़ान भरी थी और अंतरिक्षयान के साथ 10 डमी उपग्रह भेजे गए थे। अंतरिक्षयान को अपग्रेड किए जाने के बाद यह स्टारशिप रॉकेट की पहली उड़ान थी। हालांकि रॉकेट तबाह होने से कुछ मिनट पहले दुनिया ने एक अदभुत नजारा देखा, जब बूस्टर ने सफलतापूर्वक जमीन पर लैंडिंग की और जिस तरह से लॉन्च पैड के बड़े मैकेनिकल आर्म्स ने बूस्टर को पकड़ा, वह अपने आप में बेहद खास था।

## बांग्लादेश में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस से पहली मौत

ढाका, एजेंसी। ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस के दुनियाभर से मामले सामने आ रहे है। बांग्लादेश में भी इस वायरस से एक महिला की मौत की खबर सामने आई है। महिला पहले से ही कई तरह की स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही थी। ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस से मरने वाली महिला संजीदा अख्तर का रविवार से अस्पताल में इलाज चल रहा था, मगर बुधवार को महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट अरिफुल बशर ने गुरुवार एक बयान जारी कर कहा कि महिला पहले से ही मोटापे, किडनी की समस्या और फेफड़ों संबंधी बीमारियों से पीड़ित थी। बता दें कि बांग्लादेश में एचएमपीवी का पहला मामला सामने आने के कुछ दिनों बाद महिला की मौत हुई है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

महामारी विज्ञान रोग नियंत्रण और अनुसंधान संस्थान (आईईडीसीआर) में वायरोलॉजी के प्रमुख अहमद नौशेर आलम ने कहा कि महिला का निमोनिया के एक प्रकार क्लेबसिएला न्यूमोनिया के लिए भी परीक्षण किया गया था जो पॉजिटिव आया। उन्होंने बताया कि मरीज ने विदेश यात्रा नहीं की थी। आईईडीसीआर की निदेशक तहमीना शिरीन ने पहले कहा था कि एचएमपीवी का पहली बार बांग्लादेश में 2017 में पता चला था। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, 2001 में खोजा गया एचएमपीवी रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस न्यूमोविरिडे का वेरिएंट है।

# पाकिस्तान में आर्मी चीफ से मिले पीटीआई चेयरमैन

## समझौते के दावे पर इमरान खान बोले- नवाज शरीफ नहीं हूं, सरकार से डील नहीं करूंगा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के चीफ गौहर अली खान ने माना है कि उन्होंने सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात की है। पीटीआई के नेता लगातार इस बात से इनकार कर रहे थे। दरअसल, इमरान खान ने गुरुवार को खुलासा कर दिया कि गौहर और जनरल मुनीर की मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि पीटीआई लंबे समय से दूसरे पक्ष को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद गौहर ने भी माना कि सेना प्रमुख से उनकी मुलाकात हुई।

इससे पहले जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि पीटीआई चीफ को जनरल मुनीर से मिलने के लिए सोमवार को हेलिकॉप्टर से पेशावर ले जाया गया था। जनरल मुनीर पहले से पेशावर में मौजूद थे। इमरान खान ने समझौते को लेकर सोशल मीडिया पर कहा कि वे नवाज शरीफ नहीं हैं कि जेल से बाहर आने के लिए सरकारों से डील करेंगे। इमरान खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 8 फरवरी को ब्लैक डे मनाने को कहा है। उन्होंने इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर देने को कहा है। पाकिस्तान मे 8 फरवरी 2004 को चुनाव हुए थे। इस चुनाव से पहले इमरान खान की पार्टी से 'बैट' चुनाव चिन्ह छीन लिया गया था।

**पीटीआई की सरकार के साथ फिर बातचीत शुरू :** गौहर ने अदियाला जेल कोर्ट रूम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने जनरल मुनीर के सामने पार्टी की सभी चिंताएं और मांगे रखी हैं। इस दौरान उनके साथ खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली



अमीन गंडापुर भी थे। यह तीसरा मौका था जब पीटीआई के अधिकारी और सरकार के बीच बातचीत हुई। इसमें पीटीआई ने मुनीर के सामने लिखित मांगे रखीं। रिपोर्ट के मुताबिक जल्द ही पीटीआई के अधिकारी सरकार के और अहम नेताओं से मुलाकात करेंगे। पीटीआई की 2 अहम मांगे 1. 9 मई 2023 और 24 नवंबर 2024 से जुड़ी घटनाओं की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट 2 अलग-अलग एजेंसी का गठन करे। 2. पीटीआई से जुड़े सभी राजनीतिक कैदियों को जमानत मिले, सजा कम हो। 9 मई 2023 को इमरान गिरफ्तार हुए थे, समर्थकों ने हिंसा की पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को 9 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। इससे बौखलाए उनके समर्थकों ने उत्पात मचा दिया। उन्होंने पीएम आवास के साथ-साथ आर्मी हेडक्वाटर, सेना के कई अफसरों के घर पर हमला बोल दिया। वहां जमकर तोड़फोड़ की, वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 24 नवंबर 2024 को इमरान खान की रिहाई के लिए इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शन किया था। सरकार ने इसे सख्ती से इसे दबा दिया था। इमरान ने सरकार की शर्त मानने से इनकार किया पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इमरान खान और सरकार के बीच बातचीत की कोशिशें लंबे समय से हो रही हैं। इससे पहले फौज ने अपनी कुछ शर्तें इमरान खान के सामने रखीं थीं, लेकिन इमरान खान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तानी फौज और प्रशासन इस मामले को लेकर लगातार इमरान खान पर दबाव बनाए हुए हैं कि वह उनकी शर्तों मान लें। रिपोर्ट्स के मुताबिक यदि इमरान खान उनकी शर्तें मान लेते हैं तो पाकिस्तानी फौज और प्रशासन उन्हें जेल से बाहर निकलने पर राजी है।

## हमास से जंग रोकने के खिलाफ इजराइल के रक्षा मंत्री ने नेतन्याहू सरकार से समर्थन वापसी की धमकी दी

तेल अवीव/दोहा, एजेंसी। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री और दक्षिणपंथी नेता बेन-ग्विर इतामार ने हमास के साथ सीजफायर डील का विरोध किया है। गुरुवार शाम बेन-ग्विर ने डील को मंजूरी देने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी। इजराइल टाइम्स के मुताबिक ग्विर ने हमास के साथ समझौते को बड़ी लापरवाही कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी ओत्जमा येहुदित पार्टी नेतन्याहू की लिकुड पार्टी से गठबंधन तोड़ देगी। साथ ही दोबारा सरकार में शामिल होने के लिए गाजा में फिर से युद्ध शुरू करने की शर्त भी रखी है। इजराइल और हमास ने सीजफायर डील पर साइन कर दिए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। डील को लेकर आज सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग होगी। सरकार शनिवार को इसे मंजूरी देगी। इसके बाद 19 जनवरी से सीजफायर लागू होगा।




**डील मंजूरी को लेकर कल नहीं हो पाई मीटिंग :** इससे पहले गुरुवार को डील को मंजूरी देने के लिए कैबिनेट की मीटिंग होनी थी। लेकिन हमास की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मीटिंग कर रद्द कर दी थी। नेतन्याहू ने आरोप लगाया था कि हमास आखिरी समय में समझौते की शर्तों से मुकर रहा है। इजराइल टाइम्स के मुताबिक, हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों की पहचान से जुड़ा मुद्दा उठाया था, जिसे बाद में मध्यस्थों की मदद से हल कर लिया गया। बुधवार को कतर के प्रधानमंत्री ने डील के फाइनल होने पुष्टि हुई थी। ये डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में इजराइल के 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। बदले में इजराइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। कैसै लागू होगी डील डील के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का होगा। पहले फेज में हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के 250 कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक कतर प्रधानमंत्री थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। बंधकों की पहली फेज की रिहाई के 15 दिन बाद हमास बाकी बंधकों को रिहा करेगा।

## दक्षिण सूडान : हिंसक झड़प में एक सैनिक समेत 16 लोगों की मौत

जुबा, एजेंसी। नागेरो काउंटी में दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) और सूडान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-इन-ओपपोजिशन (एसपीएलए-आईओ) के बीच झड़पों में एक सैनिक सहित 16 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नागेरो काउंटी के कमिश्नर हेनरी बंगाडा असाया ने कहा कि हिंसा के कारण 79,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। बंगाडा ने गुरुवार को सिन्हुआ को फोन पर बताया, बुधवार शाम को भी लड़ाई जारी थी। मैंने देखा कि भारी सैन्य हथियार उस जगह जा रहे थे, जहां लड़ाई शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि लड़ाई पश्चिमी बहर अल गजल राज्य के बाजिया तक फैल गई है। एसएसपीडीएफ के प्रवक्ता लुल रुई कोआंग ने कहा कि हिंसक झड़प तब शुरू हुई, जब एसपीएलए-आईओ बलों ने कुबरी-बू ब्रिज पर एक अवैध चौकी को हटाने से इनकार कर दिया।


कोआंग ने कहा, शुरू में हमें लगा कि सड़क अवरोध हटाने का विरोध एक अधिकारी कर रहा है और उसकी इस हरकत में एसपीएलए-आईओ के कुछ तत्व शामिल थे लेकिन बाद में हम पर कुब्री-बू पुल पर हमला किया गया। हमने उन्हें खदेड़ दिया, लेकिन वे फिर आ गए।

कोआंग के अनुसार, एसपीएलए-आईओ बलों ने मंगलवार शाम को एसएसपीडीएफ के कब्जे वाले क्षेत्र में प्रवेश किया और घात लगाकर हमला किया, जिसके कारण एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एसएसपीडीएफ बलों को कुब्री-बू में दो और जमोई में एक तीसरे हमले का सामना करना पड़ा। हालांकि, नागेरो में एसपीएलए-आईओ सेक्टर कमांडर अली सोलोमन साइमन ने एसएसपीडीएफ को छावनी स्थल पर एसपीएलए-आईओ बलों पर हमला करके संघर्ष शुरू करने के लिए दोषी ठहराया। साइमन ने कहा, लड़ाई से पहले, हम यहां छावनी स्थल पर थे, एकीकृत बलों के प्रशिक्षण के दूसरे चरण की प्रतीक्षा कर रहे थे, और मुझे नहीं पता कि सरकार ने मेरी सेनाओं से लड़ने के लिए अपनी सेना को यहां क्यो भेजा। उन्होंने स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, अगर वे चाहते थे कि मेरी सेना सड़क अवरोध को खाली कर दे, तो हमें बैठकर इस पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन अब उन्होंने मेरी सेना के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। मैं इस स्थिति से निराश हूं, क्योंकि हमें 2018 के पुनर्जीवित शांति समझौते को लागू करना चाहिए था, लेकिन सरकारी सैनिक इसके बजाय हमसे लड़ रहे हैं। साइमन ने कहा कि लड़ाई बाजिया तक फैल गई है, जहां अब उनकी सेनाएं तैनात हैं।

# अमेरिका में ट्रक लेकर वाइट हाउस उड़ाने निकला था भारतीय, मिली 8 साल की जेल

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक भारतीय को वाइट हाउस पर हमला करने की कोशिश करने के आरोप में आठ साल की सजा सुनाई गई है। गुरुवार को अमेरिकी अदालत ने साईं वर्षित कंडुला को हमला करने का दोषी पाया है। बीस वर्षीय साईं ने 22 मई 2023 को इस हमले का प्रयास किया था। अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि इस हमले का उद्देश्य लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकना था ताकि उसकी जगह नाजी विचारधारा से प्रेरित तानाशाही शासन की स्थापना की जा सके। जानकारी के मुताबिक साईं कंडुला ने बाद में जानबूझकर अमेरिकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और तोड़ फोड़ के मामले में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। वह 'ग्रीन कार्ड' के साथ अमेरिका का वैध स्थायी निवासी है। अदालती दस्तावेजों के मुताबिक साईं ने 22 मई 2023 की दोपहर को सेंट लुईस, मिसौरी से वॉशिंगटन के लिए निकला और शाम करीब पांच बजकर 20 मिनट पर डलेस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। यहां उसने शाम साढ़े छह बजे एक ट्रक किराए पर लिया और हमले को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक वॉशिंगटन में रात करीब नौ बजे उसने एच स्ट्रीट, नॉर्थवेस्ट और 16 वीं स्ट्रीट, नॉर्थवेस्ट के चौराहे पर ट्रक से वाइट हाउस और राष्ट्रपति पार्क की सुरक्षा करने वाले बैरिकेड्स को टक्कर मार दी। उसने ट्रक को फुटपाथ पर चढ़ा दिया जिससे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद साईं ट्रक से बाहर निकलकर पीछे की ओर चला गया। यहां उसने अपने बैग से नाजी झंडा निकालकर लहराया। न्याय विभाग ने बताया





कि अमेरिकी पार्क पुलिस और अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने कंडुला को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसे हिरासत में ले लिया। पहले डिनर किया, फिर ट्रक से बैरियर को टक्कर मारी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक कुंडला ने 22 मई 2023 को सेंट लुइस से फ्लाइट के जरिए वॉशिगटन पहुंचा। शाम 5:20 बजे डलेस एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद उसने 6:30 बजे एक ट्रक किराए पर लिया। इसके बाद उसने डिनर किया और ट्रक में फ्यूल भरवाया। इसके बाद कुंडला वॉशिंगटन डीसी की तरफ बढ़ा। रात 9:34 बजे उसने व्हाइट हाउस और राष्ट्रपति पार्क की सुरक्षा में लगे बैरियर से ट्रक टकरा दिया। पहली बार टक्कर मारने के बाद उसने ट्रक को पीछे लिया और दोबारा कोशिश की। दूसरी कोशिश में ट्रक खराब हो गया।

## हाइवे पर छाया घना कोहरा, आपस में टकराए कई वाहन, मची चीख-पुकार

### -वाहनों की लग गई लंबी लाईन, पुलिस ने क्रेन से हटवाए क्षतिग्रस्त वाहन

करनाल। हरियाणा के करनाल में नेशनल हाइवे पर कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। हाइवे पर विजिबिलिटी काफी कम थी जिस वजह से यह घटना हुई। सूचना के बाद पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और क्रेन की मदद से वाहनों को साइड में किया। इसके बाद यातायात शुरु हो सका। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि कई वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक यह हादसा नेशनल हाइवे झंझाडी फ्लाईओवर पर हुआ। घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम थी। इसी वजह से करनाल नेशनल हाइवे पर एक-एक कर 8 से 10 वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद की। इस घटना के बाद हाइवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल करवाया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कोहरा काफी घना था। इस दौरान सड़क पर आगे चल रहे वाहन का अचानक ब्रेक लगा, जिससे पीछे चल रहे वाहनों को संभलने का मौका नहीं मिला और कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हादसे में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## सीसीटीवी में कैद हुई शिक्षक और शिक्षिका की अश्लील हरकतें, दोनों निलंबित

### -जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित, रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक स्कूल का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक शिक्षक और शिक्षका अश्लील हरकतें करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों को शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की टीम गठित की गई है। टीम की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दोनों ही शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। दोनों अलग-अलग जगह उपस्थिति देने को कहा गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को गंगरार थाना क्षेत्र के एक गांव के स्कूल में शिक्षक और शिक्षिका का आपत्तिजनक हालत में वीडियो सामने आया था। ग्रामीणों के मुताबिक शिक्षक करीब 14 साल से उस स्कूल में कार्यरत है। शिक्षिका के साथ उसके संबंधों को लेकर लंबे समय से गांव में चर्चाएं हो रही थीं। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी ने भी इस पर आपत्ति जताई थी। दोनों पर आरोप हैं कि शिक्षक ग्रामीणों को सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत पुलिस से करने की धमकी देता था। इस कारण ग्रामीण भी उसके खिलाफ शिकायत नहीं कर पाते थे। समझाइश के बाद भी संस्था प्रधान अपनी हरकत से बाज नहीं आया। ऐसे में ग्रामीणों ने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, जिसमें दोनों की हरकत कैद हो गई। पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से हटाने और मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की।

## युवक की हत्या कर शव बोरे में भरकर कचरे में फेंका, इलाके में फैली सनसनी

पटना। पटना के बेगमपुर में नीतीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर कचरे के ढेर में फेंक दिया। पुलिस को सूचना मिली की बेगमपुर पार पोखरा के नजदीक एक बोरे में शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान नीतीश कुमार के रूप में की। शुरुआती जांच में यह मामला गोली मारकर की हत्या करने का लग रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राहुल गांधी पर लगातार हो रही एफआईआर, अब गुवाहाटी में दर्ज हुआ प्रकरण

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर एक के बाद एक एफआईआर हो रहीं हैं। अब नया मामला गुवाहाटी में दर्ज हुआ है। हाल ही में राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस द्वारा संस्थाओं पर कब्ज़ा करने के का आरोप लगाया था। इसी दौरान उनका यह इंडियन स्टेट वाला बयान भी सामने आया था। असम में इस वक्त हेमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी की सरकार है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा कुछ वक्त पहले अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास की तारीख को भारत की सच्ची आज़ादी के रूप में मनाए जाने की बात कही थी। इस पर रिएक्ट करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि बीजेपी और आरएसएस ने हर एक संस्था पर कब्ज़ा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन इस्टेट से ही ही लड़ रहे हैं। यह एफआईआर गुवाहाटी के पान बाज़ार पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 152 और 197(1)डी के तहत दर्ज की गई है। जिसका मतलब है भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य करना यह एक गैर-जमानती अपराध है। राहुल गांधी द्वारा भारतीय राज्य के साथ लड़ाई का जिक्र करने के बाद भाजपा ने उन पर भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में काम करने का आरोप लगाया है। अपनी शिकायत में चेतिया ने लिखा है कि एक ऐसे व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक मंच पर दिया गया बयान जो वर्तमान में विपक्ष के नेता का पद संभाल रहा है। कहा गया कि यह कोई साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है।

# राहुल गांधी को हर चीज फर्जी नजर आती है, वह खुद फर्जीवाड़े के सरदार

### जातीय गणना और पेपर लीक मामले वाले बयान पर जेडीयू ने किया पलटवार

**पटना (एजेंसी)**। राहुल गांधी द्वारा जातीय गणना पर उठाए गए सवाल और पेपर लीक मामले पर केंद्रीय मंत्री और जेडीयू नेता ललन सिंह ने कहा है कि कांग्रेस ने देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं। पेपर लीक मामले पर उन्होंने कहा कि सभी के तार झारखंड से जुड़ रहे हैं। ललन सिंह के बयान का बीजेपी ने भी समर्थन किया है। बीजेपी प्रवक्ता आसितनाथ तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी बिहार में जातीय आग से खेल रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने भी केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा है कि यह लोग राहुल गांधी से डरे हुए हैं।

ललन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को हर चीज फर्जी नजर आती है। वह खुद ही फर्जीवाड़े के सरदार हैं। बिहार में जो जाति आधारित सर्वे कराया गया, उसके आधार पर जातीय जनगणना की मांग कर रहे थे। तब वह लोग मुंह में टेप लगाए हुए थे? किसके दबाव में आकर कुछ नहीं बोल रहे थे? वह संविधान की बात करते हैं, उनको संविधान के बारे में पता है कि कितने शेड्यूल है, कितनी धाराएं हैं।

ललन सिंह ने आगे कहा कि अगर इस देश में किसी ने संविधान की धज्जियां उड़ाई तो वह कांग्रेस है। देश में आपातकाल लाकर देश की जनता को अपमानित करने का काम किया। पेपर लीक मामले में ललन सिंह ने कहा कि जब उनकी सरकार राजस्थान में थी तब वह बताएं कि कितना पेपर लीक हुआ है। जो पेपर लीक हो रहे हैं सबके तार झारखंड से जुड़ है, जहां उनकी सरकार है।


ललन सिंह के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह लोग राहुल गांधी से डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि अति पिछड़ों और पिछड़ों को राहुल गांधी न्याय दिलाकर ही मानेंगे। ज्ञान रंजन ने कहा इनका सिंहासन डोलता नजर आ रहा है इसलिए कुछ भी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। रंजन ने कहा कि बिहार में एक साल में 10 बार पेपर लीक हुआ है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, अगर कोई गिरफ्तारी हुई है तो आंकड़ा जारी करें। बीजेपी प्रवक्ता आसितनाथ तिवारी ने कहा कि बिहार ने जातीय हिंसा का बड़ा दौर देखा है। बिहार में कई नरसंहार हुए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। ऐसी घटनाएं राजद और कांग्रेस के काल में हुई। राहुल गांधी इस गुट के सरदार हैं, जिनके दौर में ऐसी घटनाएं हुई। राहुल गांधी को यह अंदाजा नहीं है कि वह एक बार फिर से जातीय आग से खेल रहे हैं। बिहार को जातीय आग में झोंकना चाहते हैं। उन्हें पता नहीं है कि यह आग एक दिन उन्हें भी जला देगी।

बता दें पटना में शनिवार को कांग्रेस के संविधान सुरक्षा सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा था कि बिहार पेपर लीक का सेंटर बन चुका है।



युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। मंहगाई बढ़ रही है। देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जाति जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जाति जनगणना की तरह नहीं होगी। जाति जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए। कांग्रेस जाति जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50 फीसदी आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे।

## मनीष सिसोदिया ने लिया निजी लोगों से 1.50 करोड़ का ऋण, बीजेपी ने मांगा जवाब



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया से निजी लोगों से 1.50 करोड़ रुपए के शिक्षा ऋण के मामले में जवाब मांगा है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि यह ऋण सिसोदिया के बेटे की विदेश में शिक्षा की पढ़ाई के लिए लिया गया था। बीजेपी पर पलटवार करते हुए आप ने बीजेपी से उसके नई दिल्ली के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की संपत्ति के बारे में सवाल किया है। आप ने एक बयान में कहा कि मनीष सिसोदिया ने बेटे की पढ़ाई के लिए ऋण लिया तो बीजेपी में हड़कंप मच गया, जबकि प्रवेश वर्मा ने 55 करोड़ रुपए निजी ऋण समेत 63 करोड़ रुपए की देनदारी घोषित की और बीजेपी इस पर चुप है। सिसोदिया के चुनावी हलफनामे का हवाला देते हुए बीजेपी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को मिले 1.50 करोड़ रुपए के शिक्षा ऋण में तीन व्यक्तियों ने योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी सिसोदिया को मिले ऋण की जांच के लिए एजेंसियों से संपर्क करेगी।

## बीजेपी को दिल्ली चुनाव के बाद मिल सकता है नया अध्यक्ष, संगठन तैयारियो में जुटा




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। बीजेपी को जल्द ही नया अध्यक्ष मिल सकता है। संगठन को फरवरी तक चयन प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी के नए अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। ऐसे में बीजेपी का पूरा फोकस दिल्ली चुनाव पर है और जीत के लिए पूरा जोर भी पार्टी और संगठन लगा रहा है। जेपी नड्डा की अध्यक्षयता में ही ही बीजेपी दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि 10 फरवरी से 20 फरवरी के बीच बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। मंडल से लेकर जिला और प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चुने जा रहे हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय परिषद और प्रदेश परिषद के सदस्य भी चुने जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे और नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। अभी तक सिर्फ चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों का ही चुनाव हुआ है।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम 50 फीसदी राज्य इकाइयों में संगठन के चुनाव पूरे होने जरूरी हैं। बीजेपी नेताओं की माने तो पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक ही संगठन चुनाव चल रहा है और इसे समय पर पूरा करा लिया जाएगा। संगठन का कहना है कि सिर्फ महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनावों के कारण सदस्यता अभियान देर से शुरू हुआ है। फिलहाल, जेपी नड्डा ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। बतौर अध्यक्ष नड्डा का कार्यकाल पिछले साल जनवरी में ही खत्म हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। नड्डा ने फरवरी 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला था। वह इस समय मोदी कैबिनेट में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। नए बीजेपी अध्यक्ष नड्डा की जगह लेंगे।

# बांग्लादेश की बढ़ेंगी मुश्किलें, बिहार ने कहा- जहां से गंगा निकलती है वहां पानी में हिस्सेदारी हो

**पटना (एजेंसी )**। बिहार की नीतीश सरकार ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि गंगा नदी जिन राज्यों से बहती है उन राज्यों को उसके पानी पर हक होना चाहिए। इसके अलावा बांग्लादेश को गंगा का पानी देने पर भी आपत्ति जाहिर की है।बता दें कि बांग्लादेश को गंगा नदी से मिलने वाले पानी का अधिकतर भाग की आपूर्ति बिहार से बिहार के हिस्से से होती है और इस कारण बिहार में ही जल संकट की स्थिति आ जाती है। अब बिहार सरकार में इस ओर ध्यान दिया है और जल संसाधन मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है।

बता दें कि भारत बांग्लादेश जल संधि का अगले साल नवीकरण (रीन्यूअल) होना है। वर्ष 1996 में भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच गंगाजल बंटवारे को लेकर समझौता हुआ था। इसके तहत दोनों देशों के बीच गंगाजल का बंटवारा किया गया था। भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि के 30 वर्षों बाद अब समीक्षा होनी है। यह 2026 में पूरी होगी। इस साल समस्या के बिंदुओं पर चर्चा शुरू हो गई है और जल्द ही दोनों देशों में तकनीकी वार्ता प्रारंभ होने वाली है।

बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि



हमलोग आरंभ से 1996 के समझौते की समीक्षा की मांग कर रहे हैं। हमारा मानना है कि इस समझौते को अंतिम रूप देने से पहले हमारी राय नहीं ली गई थी। समझौते में बिहार की अपेक्षा की गई विरोध का बड़ा कारण फरक्का बराज भी है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि फरक्का बराज के कारण संपूर्ण बिहार में गाद की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे बाढ़ की स्थिति भी विकराल हो रही है। चूंकि समझौते की समीक्षा का समय आ गया है इसलिए हम लोग चाहते हैं कि बिहार की आवश्यकताओं और गाद की समस्या को देखते हुए समझौते पर पुनर्विचार किया जाए।

दरअसल, बिहार का यह भी पक्ष है कि बांग्लादेश को गंगाजल की अधिकांश मात्रा बिहार देता है, जबकि गंगा नदी के किनारे वाले राज्य अपने यहां बेधड़क उसके पानी का उपयोग कर रहे हैं। वहां बिजली परियोजनाएं बनीं हैं, बराज बने हैं। यही नहीं सिंचाई के लिए भी गंगाजल का उपयोग कर रहे हैं, जबकि बिहार को हर कार्य के लिए केंद्र से अनुमति लेनी पड़ती है। बिहार का मानना है कि बांग्लादेश जाने वाले गंगा जल का कोटा बिहार के साथ-साथ यूपी उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के लिए भी समान रूप से तय हो। बता दें भारत और बांग्लादेश के बीच जो समझौते हुए हैं उसके तहत गंगा के पानी का बंटवारा 70 हजार क्यूसेक पानी में 35 हजार क्यूसेक भारत को रहेगा और 35 हजार क्यूसेक बांग्लादेश को। अगर यह मात्रा 70 से 75 हजार क्यूसेक है तो शेष जो प्रवाह है वह भारत के पास रहेगा। बाकी 35 हजार कि उसे बांग्लादेश के पास 75 हजार क्यूसेक से अधिक होने पर 40 हजार क्यूसेक भारत के पास रहेगा और शेष प्रवाह बांग्लादेश को जाएगा।

## सैफ अली खान पर हमले वाले आरोपी के बांग्लादेशी होने पर बीजेपी बोली, महाराष्ट्र सरकार घुसपैठियों का घर-घर जाकर लगाएगी पता और उन्हें वापस भेजेगी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार करने पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी प्रवक्ता राम कदम और वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया ने मांग की है कि सरकार मुंबई और महाराष्ट्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। मुंबई पुलिस के डीसीपी जोन-9 ने खुलासा किया है यह आरोपी चोरी के इरादे से उस घर में घुसा था और उस वक्त पर यह घटना हुई। आरोपी बांग्लादेशी मूल का है। उसके पास से पुलिस को कोई भी भारतीय पहचान पत्र नहीं मिला है। राम कदम ने रविवार को मुंबई में कहा कि सैफ अली खान पर हमला करने वाले और चोरी के इरादे से घुस आरोपी को मुंबई पुलिस ने दबोच लिया है। जांच के बाद क्या कारण था, सभी बातें सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि कुछ अहम बातें सामने आई हैं कि मुंबई शहर की बिल्डिंगों में जो सुरक्षाकर्मी तैनात हैं वे 24-24 घंटे ड्यूटी करते हैं। राम कदम ने कहा कि 24 घंटे ड्यूटी करने वाला वॉचमैन सोएगा जरुर। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस दिशा में उचित कदम उठाएगी। उन्हों कहा कि जहां तब बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात है तो महाराष्ट्र सरकार घर-घर जाकर उनका पता लगाएगी और जहां से वे आए हैं उन्हें वापस वहीं पहुंचाएगी।

## सैलजा ने साधा निशाना कहा- एचकेआरएन कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी कर रही है सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर जहां मुख्यमंत्री हरियाणा ने एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नौकरी से न हटाने का वायदा किया था और अधिसूचना जारी कर जॉब सिक्योरिटी दी थी आज वहीं सरकार भर्ती किए गए नए कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए पहले से कार्यरत कर्मचारियों को निकालने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठन वायदा याद दिलाते हुए न्याय की गुहार कर रहे है पर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है, भाजपा को वोट देने वाला युवा आज पछता रहा है।

कुमारी सैलजा ने एक बयान में कहा है कि 19 नवंबर 2024 को हरियाणा में कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को नायब सिंह सैनी सरकार ने कथित बड़ी सौगात देते हुए हरियाणा विधानसभा में जॉब गारंटी विधेयक पारित करवाया था। जिसे हर भाजपा नेता ने ऐतिहासिक कदम बताया था। सीएम ने भी दावा किया था कि उन्होंने 120000 युवाओं से किया गया वादा पूरा किया। कहा गया कि पहले ठेकेदारों के जरिए लगने पर युवाओं के भविष्य पर तलवार लटकी रहती थी, ठेकेदार बदलने पर उनके भविष्य पर भी खतरा पैदा हो जाता था। कुमारी सैलजा ने कहा कि एचकेआरएन में 37404 यानि 28 प्रतिशत कर्मचारी अनुसूचित जाति के 41376 कर्मचारी यानि 32 प्रतिशत कर्मचारी पिछड़ा वर्ग से हैं। पर सरकार की वायदा खिलाफी के चलते इनकी जॉब पर खतरा मंडरा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि नरवाना, चरखी दादरी, रोहतक सहित कई जिलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, चौकीदार और अन्य पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को बिना नोटिस के नौकरी से निकल दिया। ये कर्मचारी न्याय की उम्मीद में दफ्तरों के चक्कर लगा रहे है पर अधिकारी तो अधिकारी भाजपा के विधायक, मंत्री तक कोई सुनवाई नहीं कर रहे है और न ही इन कर्मचारियों की सरकार के समक्ष पैरवी कर रहे हैं। कुमारी



सैलजा ने कहा कि अधिकतर कर्मचारी एचकेआरएन के तहत नौकरी पाने पर उनके नाम बीपीएल सूची से कट गए थे, आज वे कहीं दूसरी जगह नौकरी मांगने जाएंगे तो वहां भी नहीं मिलेगी। सैलजा ने कहा कि सरकार को अपना वायदा निभाते हुए किसी भी कर्मचारी को नौकरी से नहीं हटाना चाहिए, जो पद आज भी रिक्त पड़े है उन पर नए भर्ती किए गए युवाओं को नियुक्ति दी जाए।

## साइबर अपराधियों से भारत और अमेरिका मिलकर निपटेंगे, दोनों देशों में हुआ समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। साइबर खतरों और अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। देश में इसका क्रियान्वयन गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा किया जाएगा। जबकि अमेरिका में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) और उससे जुड़ी हुई विभिन्न एजेंसियों जैसे यूएस इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और द होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन साइबर क्राइम सेंटर (सी3) समझौते के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यहां बता दें कि बाइडन प्रशासन ने भारत के साथ इस



एमओयू पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण से ठीक पहले हस्ताक्षर किए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि इस एमओयू पर 17 जनवरी को भारत की तरफ से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने हस्ताक्षर किए। अमेरिका से उनके गृह सुरक्षा विभाग की कार्यवाहक उप-सचिव क्रिस्टी कैनेगैलो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों देशों की एजेंसियों को आपराधिक मामलों की जांच में साइबर खतरों से जुड़ी खुफिया जानकारी और डिजिटल फॉरेंसिक को लेकर सहयोग और प्रशिक्षण का स्तर बढ़ाने में मददगार साबित होगा। साइबर क्राइम के तार दोनों देशों की साझा सुरक्षा चुनौतियों जैसे आतंकवाद, हिंसक कट्टरता, आतंक को वित्तपोषण, ड्रग ट्रैफिकिंग, संगठित अपराध, मानव तस्करी, अवैध प्रवासन, मनी लॉन्ड्रिंग और यातायात सुरक्षा से जुड़ते हैं। इसलिए यह समझौता इन मामलों में भी अहम साबित होगा। साथ ही इसकी मदद से दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। जो भारत की व्यापक और वैश्विक सामरिक भागीदारी का हिस्सा है।

# गणतंत्र दिवस: टी-90 टैंक और ब्रह्मोस मिसाइल से सेना दिखाएगी भारत की ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर मनाए जाने वाले 76 वें गणतंत्र दिवस परेड समारोह में भारतीय सेना के मार्चिंग दस्ते में टी-90 भीष्म टैंक, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम, पिनाका रॉकेट और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे वो बेहद मारक हथियार शामिल होंगे। जिनकी उपस्थिति मात्र से ही देश के दुश्मन थरथर कांपेंगे। इसके अलावा जवानों की मार्चिंग टुकड़ी में ब्रिगेड ऑफ द गार्डस, महार रेजिमेंट, जाट रेजिमेंट, गढ़वाल राइफल्स, जम्मू-कश्मीर राइफल्स और कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स जैसी सेना की 6 रेजिमेंट की प्रमुखता से भागीदारी देखने को मिलेगी। फिलहाल सेना का यह समूचा दस्ता कर्तव्य पथ पर परेड में शामिल होने के लिए अभ्यास में जुटा हुआ है। सेना ने शनिवार को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए हमारी तैयारियां लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस बार हम परेड के दौरान सेना की सुव्यवस्थित परंपरा के साथ ही अनुशासन और आधुनिक तकनीक के मिश्रण को देश-दुनिया के सामने बखूबी प्रदर्शित करेंगे। कर्तव्य पथ पर सशस्त्र सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने सेना के मार्चिंग दस्ते के साथ सैन्य बैंड भी देशभक्ति की अपनी मनमोहक धुनों के साथ आगे बढ़ेंगे। इसके अलावा सेना द्वारा परेड के दौरान प्रदर्शित किए जाने वाले सैन्य हथियारों में टी-90 भीष्म टैंक, आईसीवी बीएमपी-2, नाग मिसाइल सिस्टम, क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (नंदीघोष), पिनाका रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम, बैटलफील्ड सर्विलांस सिस्टम (संजय), ऑल टेरेन व्हीकल (चे ाक), आकाश एयर डिफेंस वेपन सिस्टम, ग्रेड ब एम-21 रॉकेट लांचर, लाइट स्ट्राइक व्हीकल (ब जरंग) शामिल होंगे।

### आत्मनिर्भर भारत को समर्पि त परेड

सेना ने बताया कि इस वर्ष की प ड देश की सुरक्षा और प्रगति को समर्पित रहेगी। जिस में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भर भारत अभियान द्वा । प्रदान की गई गति की साफ तौर पर झलक देख ने को मिलेगी। गौरतलब है कि इस बार परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्र बोवो सुबियांतो शिरकत करेंगे।

